www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 जाति जनगणना का हो सार्थक उपयोग, सामाजिक खाई को बढ़ावा देने का डर
जेलेंस्की बोले - रूस आए विदेशी मेहमानों की सुरक्षा गारंटी नहीं 04

वर्ष :08 | अंक :313 | मुंबई, सोमवार, 05 मई, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में सड़क हादसे में तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत, एक अन्य घायल

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के जैत थाना क्षेत्र में रामताल वृंदावन रोड पर शनिवार शाम एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों और चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ने सवारी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और इसके बाद सड़क पर घायल पड़े लोगों को पीछे से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। पुलिस के मुताबिक ऑटो चालक के अलावा तीन भाइयों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा उनका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक उसकी जान बचाने के भरसक प्रयास खर रहे हैं। सभी भाई मप्र के इंदौर से एक शादी समारोह में शामिल होनेवृन्दावन पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक (शहर) आरविंद कुमार ने बताया कि गोविंद नगर क्षेत्र के जयसिंहपुरा खादर का निवासी आटो-रिक्शा चालक साबिर (25) तथा इंदौर निवासी सगे भाइयों प्यारे लाल शर्मा (60), हुकुम चंद शर्मा (40) व मुकेश शर्मा (45) तथा उनके चचेरे भाई शिवम शर्मा को प्रेम मंदिर के दर्शन कराकर वापस होटल छोड़ने ले जा रहा था।

### इटावा लायन सफारी में लाये गये दो तेंदुए, संख्या बढ़कर 22 हुई


उत्तर प्रदेश में इटावा कीलायन सफारी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय तेंदुआ दिवस के मौके पर बचाव कर दो तेंदुआ लाये गये जिससे यहां इनकी संख्या बढ़कर 22 हो गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इटावा लायन सफारी पार्क के उपनिदेशक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप विलुप्त हो रहे वन्य जीवों के संरक्षण के तहत इटावा सफारी पार्क के अंतर्गत तेंदुआ सफारी सबसे बड़ा तेंदुआ संरक्षण का केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि आज विश्व तेंदुआ दिवस के अवसर पर बिजनौर और मुरादाबाद जिलों से बचाव कर दो तेंदुए इटावा सफारी पार्क मे लाये गये हैं। सिंह न बताया कि दो तेंदुए आने से सफारी पार्क में तेंदुओंकी संख्या बढ़कर 22 हो गई है, जिनमें 14 नर तेंदुआ तथा आठ मादा तेंदुआ शामिल है। ये तेंदुए विभिन्न जिलों से यहां लाये गये हैं। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले पर्यटक इन तेंदुओं को देखकर बहुत ही आनंदित और रोमांचित होते हैं। अधिकारियों के अनुसार संसार में विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिये हर वर्ष तीन मई को अंतरराष्ट्रीय तेंदुआ दिवस मनाया जाता है। तेंदुआ एक आकर्षक वन्य प्राणी है जो अपने रंग रूप में मनमोहक लेकिन स्वभाव से बहुत ही चालाक होता है।

# भारत ने रोका चिनाब नदी का पानी

## ओवैसी बोले- भारत ऐसी कार्रवाई करेगा, पाकिस्तान 100 बार सोचेगा

**पहलगाम हमला**

पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाते हुए पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी ध्वज वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया।



### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बोले- सरकार राफेल लाई लेकिन वो हैंगर में रखे

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन के दौरान 'राफेल' लिखा हुआ एक टॉय प्लेन दिखाया, जिसमें नींबू-मिर्ची लटक रही थी। उन्होंने कहा, देश में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ रही हैं। लेकिन ये सरकार जो बड़ी-बड़ी बातें करती है, कहती है आतंकियों को कुचल देंगे, राफेल लाए, लेकिन वो हैंगर में रखे हैं, जिन पर नींबू-मिर्ची लटकी है। आखिर कब कार्रवाई करेंगे।

एजेंसी

पहलगाम/नई दिल्ली, पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने रविवार को चिनाब नदी का पानी रोक दिया। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक पीएमऔर एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) को 12 दिन हो चुके हैं। पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इस कायराना आतंकी हमले पर देश की सरकार और प्रधानमंत्री कार्रवाई करेंगे। जो लोग मारे गए हैं, उन्हें इंसाफ मिलेगा। हम उम्मीद करते हैं कि वे (पीएम) ऐसा कदम उठाएंगे कि पाकिस्तान भारत में घुसकर किसी को मारने से पहले 100 बार सोचेगा। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इस कायराना आतंकी हमले पर देश की सरकार और प्रधानमंत्री कार्रवाई करेंगे। जो लोग मारे गए हैं, उन्हें इंसाफ मिलेगा। हम उम्मीद करते हैं कि वे (पीएम) ऐसा कदम उठाएंगे कि पाकिस्तान दो सौ बार सोचेगा भारत में घुसकर किसी को मारने से पहले। फवाद खान, आतिफ असलम के इंस्टा अकाउंट भी भारत में ब्लॉक पाकिस्तान के फेमस सेलेब्रिटीज फवाद खान, आतिफ असलम, सनम तेरी कसम फेम मावरा होकेन और मशहूर सूफी गायिका आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। इससे पहले माहिरा खान, हानिया आमिर, सनम सईद, अली जफर सहित 13 फिल्मी हस्तियों के अकाउंट बंद किए गए थे।

### पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने पीएम मोदी से की मुलाकात

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पहलगाम में हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित सैन्य कार्रवाई का जायजा लेने के लिए पीएम मोदी तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मिल रहे हैं।



एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह मुलाकात हुई। बता दें, इस हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। पहलगाम में हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित सैन्य कार्रवाई का जायजा लेने के लिए पीएम मोदी तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मिल रहे हैं। 30 अप्रैल को आर्मी चीफ जनरल द्विवेदी ने पीएम मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए डोभाल भी शामिल हुए थे। 3 मई को शाम 6 बजे नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात एक घंटे तक चली। 3 मई को दोपहर 12 बजे वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी प्रधानमंत्री से करीब 40 मिनट तक मुलाकात की। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के बाद 26 अप्रैल को पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और अन्य सशस्त्र बलों के प्रमुखों के साथ अहम बैठक की थी। डेढ़ घंटे की इस बैठक में पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दी थी।

# जम्मू-कश्मीर में सेना की गाड़ी हादसे की शिकार

## रामबन में तीन जवानों की दर्दनाक मौत, हाईवे पर निकलने को लेकर अलर्ट जारी हुआ था

पीटीआई के अनुसार, मृतकों की पहचान सिपाही अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है। उनके शव खाई से निकाले जा रहे हैं। सेना, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से तत्काल संयुक्त बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारण वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

एजेंसी



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास सुबह करीब साढ़े 11 बजे सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर 700 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में सेना के तीन जवानों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर हुई इस घटना की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले में शामिल सेना का ट्रक नियंत्रण खो बैठा और खाई में गिर गया। पीटीआई के अनुसार, मृतकों की पहचान सिपाही अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है। उनके शव खाई से निकाले जा रहे हैं। सेना, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से तत्काल संयुक्त बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारण वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हाल ही में कई ऐसी ही दुर्घटनाएं हुई हैं। मार्च में इसी तरह की एक घटना में, ताजी सब्ज़ियां ले जा रहा एक लोड कैरियर सड़क से फिसलकर रामबन जिले में गहरी खाई में गिर गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जैसा कि पीटीआई ने बताया, एक पुलिस अधिकारी ने बताया। पीड़ित, चालक अर्शीद अहमद और उनके सहायक सेवा सिंह - दोनों की उम्र 30 के आसपास थी - अपने गांव उखराल पोगल-परिस्तान लौट रहे थे।

# पहलगाम हमला: भारत के एक्शन से बौखलाया पाकिस्तान

## भारतीय पोतों के लिए बंद किए बंदरगाह

वहीं, नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) के अनुसार, भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के अलावा भारत ने भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी बंदरगाहों पर जाने से भी रोक दिया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। सरकार के आदेश के अनुसार, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

एजेंसी



नई दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाते हुए शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी ध्वज वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर भी शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद, पाकिस्तान ने शनिवार देर रात आदेश दिया कि भारतीय ध्वज वाले किसी भी पोत को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा पाकिस्तानी पोतों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। पाकिस्तान के समुद्री मामलों के मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने समुद्री संप्रभुता, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान स्थिति के संदर्भ में भारतीय पोतों पर प्रतिबंध लगाने का कदम उठाया।

# राहुल गांधी ने माना – ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी


## कहा- 80 के दशक में कांग्रेस से हुई गलतियों की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं

### सिख युवक ने कहा- कांग्रेस सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं थी

पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक ओपन इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान एक कार्यक्रम में सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा– आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी। युवक ने आगे कहा– आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं।

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी ने अतीत में बहुत सी 'गलतियां' उस वक्त कीं जब वह पार्टी में नहीं थे, लेकिन पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी वह सहर्ष स्वीकारते हैं। उनका यह भी कहना है कि अतीत में उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1980 के दशक में जो हुआ वह गलत था। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बीते 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी। बातचीत का वीडियो शनिवार को वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। संवाद सत्र के दौरान एक सिख छात्र ने सवाल किया कि वह सिख समुदाय के साथ तालमेल बैठाने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं और उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया। छात्र ने अमेरिका की पिछली यात्रा के दौरान राहुल गांधी की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया



# वक्फ अधिनियम : एआईएमपीएलबी ने केंद्र के हलफनामे की सत्यता पर सवाल उठाया

अदालत के समक्ष स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है और ऐसा प्रतीत होता है कि उसने सावधानीपूर्वक यह बयान देने से परहेज किया है कि सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को वर्ष 2013 में वेब पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया था।

एजेंसी




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने केंद्र सरकार पर वक्फ मामले में उच्चतम न्यायालय में गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया है और झूठा हलफनामा दाखिल करने के लिए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है। एआईएमपीएलबी ने सरकार के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताई है कि 2013 के बाद केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या में चौंकाने वाली वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने केंद्र पर गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया है और झूठा हलफनामा दायर करने के लिए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है।

# वाराणसी में रुद्राक्ष की माला, नोज रिंग उतरवाई, मथुरा में कलावा काटा

## 60 जिलों में 2.80 लाख स्टूडेंट्स ने दिया नीट यूजी एग्जाम

लखनऊ में सेंटर पर पुलिस और पेरेंट्स के बीच झड़प हो गई। पेरेंट्स ने आरोप लगाया कि पुलिस जबरन उन्हें गेट के पास से हटा रही थी। शाम 5 बजे परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थियों ने मिली जुली प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश, यूपी के 60 शहरों में आजनीट यूजी 2025 की परीक्षा संपन्न हुई। सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। इस दौरान कई छात्र बाहर ही रह गए। एग्जाम सेंटर्स पर अभ्यर्थियों को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। बॉयोमेट्रिक, फेस रिकग्निशन और पहचान पत्र की जांच की गई। इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाली परीक्षा 5 बजे तक चली। सुबह वाराणसी में एग्जाम सेंटर पर एक छात्र की रुद्राक्ष की माला उतरवा दी गई, जबकि छात्राओं के बालों की पिन और नोज रिंग भी उतरवाई गई। मथुरा में एक छात्र के हाथ का कलावा काटने के बाद प्रवेश दिया गया। मेरठ में छात्रों के जूते और बेल्ट उतरवाए गए। लखनऊ में सेंटर पर पुलिस और पेरेंट्स के बीच झड़प हो गई। पेरेंट्स ने आरोप लगाया कि पुलिस जबरन उन्हें गेट के पास से हटा रही थी। शाम 5 बजे परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थियों ने मिली जुली प्रतिक्रिया दी। काशी की परीक्षार्थी मेघा सिंह ने कहा- इस बार पेपर आसान था, लास्ट ईयर पेपर टफ था। फिजिक्स ज्यादा मुश्किल लगी, जबकि बायो और केमेस्ट्री के सवाल आसान थे।




# जम्मू-कश्मीर: नदी में मिला युवक का शव

### महबूबा ने सेना पर लगाया गंभीर आरोप

महबूबा ने एक्स पर लिखा, कुलगाम में नदी से एक और शव बरामद किया गया है, जिससे गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं. स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इम्तियाज माग्रे को दो दिन पहले सेना ने उठाया था और अब रहस्यमय तरीके से उसका शव नदी में मिला है.

एजेंसी



श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया. पुलिस और स्थानीय लोगों ने रविवार को वैशोव नदी से युवक का शव बरामद किया. स्थानीय लोगों ने बताया कि इम्तियाज अहमद मार्गे (23 वर्ष) पुत्र नजीर अहमद माग्रे का शव रविवार को पुलिस ने जिले के वाटू इलाके में वैशोव नदी से बरामद किया. मृतक कुलगाम जिले के तंगमर्ग गांव का रहने वाला था. स्थानीय लोगों ने बताया कि माग्रे मजदूर था. पुलिस सूत्रों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद माग्रे का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया. हालांकि पुलिस ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है.

**गुस्सा** जेवर विधायक को तलब करते हुए शीघ्र समस्याओं का निस्तारण कराए जाने को कहा

# भट्टा पारसौल और क्षेत्र के किसानों का फूटा गुस्सा

एजेंसी



जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों की पंचायत में उपस्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आगामी 15 दिवस में किसानों की समस्याओं को लेकर प्राधिकरण की स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए और कहा कि यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं करनी चाहिए, जिससे किसान यहां हो रहे विकास में असहयोग करने के लिए आगे आ जाएं।

नयी दिल्ली। अचानक भट्टा पारसौल में आयोजित किसानों की पंचायत में उपस्थित क्षेत्र के अनेकों ग्रामों के किसानों ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। किसानों की इस पंचायत में क्षेत्र के किसानों ने जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह को भी बुलाया और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृव वाली प्रदेश सरकार में 08 वर्ष बाद भी क्षेत्र के किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई है। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें पूर्ण आश्वस्त किया कि आपकी समस्याएं मेरी समस्याएं हैं। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों की पंचायत में उपस्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आगामी 15 दिवस में किसानों की समस्याओं को लेकर प्राधिकरण की स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए और कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं करनी चाहिए, जिससे किसान यहां हो रहे विकास में असहयोग करने के लिए आगे आ जाएं। किसानों की इस पंचायत में क्षेत्र के किसानों ने चार मांगों से संबंधित एक मांग भी जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह को सौंपा, जो सन 2009 में अधिगृहित की गई जमीनों, 07 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.70 अतिरिक्त प्रतिकार, बैकलीज और पुरानी आबादियों से संबंधित है। भट्टा पारसौल में आयोजित किसानों की पंचायत में उपस्थित किसान अनूप सिंह ने कहा कि हम उसी भट्टा पारसौल के किसान हैं, जिन्होंने पूरे जनपद के भूमि अधिग्रहण पर ब्रेक लगाया था। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारी, यह कतई न समझे कि दोबारा भूमि अधिग्रहण पर ब्रेक नहीं लगाया जा सकता। अगर आगामी 15 दिवस में किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो, प्राधिकरण की विकास की योजनाएं बाधित होंगी, जिसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी। इस मौके पर करौली बांगर के किसान अमरपाल सिंह ने कहा कि यहां के किसानों ने आगे बढ़कर नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के विकास के लिए अपनी जमीन दीं,

लेकिन प्राधिकरण में बैठे अधिकारी, किसानों से झूठे वायदे करते हैं और विकास के नाम पर हमें ठगते हैं और फिर हमें विकास की दौड़ से बाहर करते हैं, जो अब नहीं चलेगा।

# हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, भारत वैश्विक मानक स्थापित कर रहा, पाकिस्तान संकट में घिरा



शर्मा ने शनिवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे गतिशील और दूरदर्शी देशों में से एक है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान बार-बार संकटों से जूझ रहा है और उसका प्रभाव भी दुनिया में खत्म होता रहा है जबकि भारत विकास, प्रौद्योगिकी और आत्मनिर्भरता में वैश्विक मानक स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है।

एजेंसी


गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विभिन्न आर्थिक मापदंडों पर भारत-पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक मानक स्थापित करके आगे बढ़ रहा है, लेकिन पाकिस्तान लगातार संकटों से जूझ रहा है। शर्मा ने शनिवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे गतिशील और दूरदर्शी देशों में से एक है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान बार-बार संकटों से जूझ रहा है और उसका प्रभाव भी दुनिया में खत्म होता रहा है जबकि भारत विकास, प्रौद्योगिकी और आत्मनिर्भरता में वैश्विक मानक स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। शर्मा ने कहा कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्तमान में 4.19 हजार अरब अमेरिकी डॉलर है जिससे भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है जबकि पाकिस्तान की जीडीपी केवल 357 अरब अमेरिकी डॉलर है जो महाराष्ट्र जैसे एक राज्य के योगदान से भी कम है। मुख्यमंत्री ने कहा, रेलवे से लेकर रॉकेट प्रक्षेपण तक भारत भविष्य के लिए निर्माण कर रहा है। रिकॉर्ड 688.13 अरब अमेरिकी डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार के साथ, भारत सबसे मजबूत वित्तीय स्थिति में है।

## सम्पादकीय

# वैश्विक जगत भारत के साथ वहीं भारत के विरोधी दल देश के गुनाहगारों के साथ

कश्मीर घाटी के पहलगाम हमले में 26 निहत्थे निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर और कलमा न पढ़ पाने पर की गई नृशंस हत्याओं के बाद, देश में आतंकवाद के खिलाफ भीषण आक्रोश है। देश का जन जन पाकिस्तान से बदला लेने के लिए तड़प रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले बिहार की मधुबनी रैली में और फिर मन की बात रेडियो कार्यक्रम में देश को विश्वास दिलाया है कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा तथा पाकिस्तान को ऐसा दंड दिया जाएगा जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। आतंकवादी घटनाओं के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि देश के गृहमंत्री तुरंत अपने सभी कार्यक्रम रद्द करके घटनास्थल पहुंचे और पीड़ितों के साथ खड़े रहे। इस घटना के बाद से भारत के आतंकवाद से निपटने के निर्णय को विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अपना पूरा समर्थन दिया है। लगभग पूरा वैश्विक समुदाय संकट की इस घड़ी में भारत के साथ खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के विरोधी दलों की स्थिति इसके पूर्णतया विपरीत है। भारत सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तो विपक्ष ने सरकार का साथ देते हुए पहलगाम हमले की निंदा की तथा सरकार के निर्णयों का पूर्ण समर्थन देने की बात की किन्तु कुछ ही घंटों में इनके तेवर बदल गए और ये वापस अपनी तुष्टीकरण की राजनीति में लग गए। स्वाभाविक रूप से इनके पाकिस्तान परस्त एजेंडा का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है जिसने अपनी सोशल मीडिया टीम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कैम्पेन आरम्भ किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक ताजा मीम में प्रधानमंत्री का शीर्ष रहित स्केच दिखाया गया है। कांग्रेस सहित विपक्ष के सभी नेता और प्रवक्ता टीवी चैनलों तथा सार्वजनिक मंचों पर जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है इनको देश से कोई मतलब नहीं है बस अपने वोट बैंक को खुश करना है भले ही देश की सुरक्षा को दांव पर क्यों न लगाना पड़े। आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ताओं की बयानबाजी कर रहे हैं इन नेताओं के गिरे हुए स्तर का प्रमाण है। पाकिस्तानी माडिया व यूटूबूर्स विरोधी दलों के इन्हीं नेताओं के बयानों को आधार मानकर भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा चला रहा है। सबसे पहले गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जिस पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है उसने आपत्तिजनक बयान दिया फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति में गले तक फंसे हैं ने कहा कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई आवश्यकता नही है। कर्नाटक सरकार के ही एक मंत्री ने कहा कि आतंकियो ने धर्म पूछ कर हत्याएं नहीं की हैं।

## आज का विचार






## राशिफल

**मेष राशि:** दिन आपके लिए खुशखबरी से भरा रहेगा. अगर आप नौकरी की तलाश में हैं, तो कल आपके पास सफल होने का मौका है. स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा. परिवार में कोई नया सदस्य जुड़ सकता है. वाद-विवाद से दूर रहें.

**वृषभ राशि:** आपको कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपका पार्टनर आपको धोखा दे सकता है. विरोधियों से सावधान रहें, आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं. बिजनेस में बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है.

**मिथुन राशि:** निजी समस्याओं से परेशान रहेंगे. परिवार में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं. किसी खास मित्र के आने से अच्छा समय बिताएंगे. इस समय व्यापार में गिरावट देखने को मिल सकती है.

**कर्क राशि :** दिन आपके लिए खूबसूरत रहेगा. आप किसी धार्मिक यात्रा आदि पर जा सकते हैं. किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी. कोई इच्छा पूरी होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा. कोई नया काम शुरू कर सकते हैं.

**सिंह राशि:** दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा. अगर आप नौकरी की तलाश में हैं, तो कल आपको सफलता मिलेगी. किसी नई नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है. किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी. पत्नी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

**कन्या राशि:** दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा. कल आपकी सेहत खराब हो सकती है. न्यायिक कार्यों में हानि उठानी पड़ सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. बिजनेस से जुड़ा कोई भी फैसला कल न लें. परिवार में वाद-विवाद होगा.

**तुला राशि:** अपनी सेहत को लेकर चिंतित रह सकते हैं. लंबी यात्रा का योग है. कल आपको किसी खास काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है. कोई इच्छा पूरी होगी.

**वृश्चिक राशि:** आप किसी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे. माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा. दोस्तों का सहयोग मिलेगा. कल आप बड़े काम शुरू कर सकते हैं. वाद-विवाद से दूर रहें. वाणी पर संयम बनाए रखें. कल आप अपने पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

**धनु राशि:** दिन आपके लिए खूबसूरत रहेगा. रुके हुए काम पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा. किसी खास व्यक्ति के आने से आपका दिन बन जाएगा. कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं, तो यह दिन काफी अच्छा है. परिवार में कोई धार्मिक कार्य हो सकता है.

**मकर राशि:** दिन भागदौड़ भरा रहेगा. कल आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं. कार्यक्षेत्र काफी मेहनत करनी पड़ सकती है. व्यवसाय में सहकर्मियों की मदद मिलेगी. परिवार की ओर से आर्थिक मदद मिलेगी. किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है.

**कुंभ राशि:** दिन आपके लिए बेहद सकारात्मक रहेगा. सोचे हुए काम पूरे होंगे. वाहन आदि के प्रयोग में सावधानी रखें. स्वास्थ्य खराब हो सकता है. व्यापार में बड़ी सफलता मिल सकती है. आपका रुका हुआ काम फिर से शुरू हो जाएगा. परिवार में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य हो सकते हैं.

**मीन राशि:** आप जो काम करना चाह रहे हैं, वह बिगड़ सकता है. कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं. अपने सहकर्मियों से सलाह लेना लाभकारी साबित होगा. कारोबार में गिरावट महसूस हो सकती है. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. परिवार के किसी सदस्य से मतभेद हो सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# जाति जनगणना का हो सार्थक उपयोग, सामाजिक खाई को बढ़ावा देने का डर

> आरक्षण की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण सरकारी नौकरियां हैं लेकिन वे तो लगातार कम होती जा रही हैं। यह एक विडंबना है कि जो निजी क्षेत्र नौकरियां उपलब्ध करा रहा है उसके प्रति सामाजिक न्याय की बातें करने वाले दलों और यहां तक कि कांग्रेस के नेताओं का रवैया अत्यधिक नकारात्मक है। आखिर ऐसे में कैसे बात बनेगी?




आखिरकार मोदी सरकार ने जातिवार जनगणना कराने का अप्रत्याशित निर्णय ले लिया। इसके पहले 1931 में अंग्रेजों ने ऐसी जनगणना कराई थी। उसके बाद से किसी सरकार ने जातिगत जनगणना की आवश्यकता नहीं समझी। हालांकि इसकी समय-समय पर मांग होती रही। मनमोहन सरकार ने कुछ क्षेत्रीय दलों के दबाव में 2011 में सर्वेक्षण की शक्ल में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराई, लेकिन उलझाऊ आंकड़ों के कारण उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। इधर कुछ वर्षों से राहुल गांधी जातिवार जनगणना की मांग पर बहुत जोर दे रहे थे। वे इस मामले में सपा, राजद जैसे दलों को भी पीछे छोड़ रहे थे। यह इसलिए हैरान करने वाला था, क्योंकि कांग्रेस कभी भी जातिगत जनगणना के पक्ष में नहीं रही। राहुल ने ऐसा माहौल बना दिया था, जैसे जातिगत जनगणना वंचितों-पिछड़ों और विशेष रूप से ओबीसी वर्ग के कल्याण का एकमात्र उपाय है। इससे यह लगने लगा था कि भाजपा को इसकी काट खोजनी पड़ेगी। अंततः वह इसी नतीजे पर पहुंची कि जातिगत जनगणना कराना ही बेहतर है। वह शायद इस नतीजे पर इसलिए पहुंची कि कहीं जातिवार जनगणना की मांग उसके ओबीसी वोट बैंक में सेंध न लगा दे। जो भी हो, यह किसी से छिपा नहीं कि अधिकांश दल जाति और मजहब की धुरी पर ही अपनी राजनीतिक बिसात बिछाते हैं। इसी कारण जातिगत आरक्षण की घोषणा होते ही उसका श्रेय लेने की होड़ मच गई है। इसका कारण खुद को औरों से अधिक ओबीसी का हितैषी बताना और अंततः उसके वोट लेना है। जिस कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण का सबसे अधिक विरोध किया, वही अब जाति की राजनीति करने वाले क्षेत्रीय दलों से भी आगे बढ़कर ओबीसी तबके को यह समझाने में जुटी कि जातिवार जनगणना में वे सामाजिक और आर्थिक रूप से पीछे पाए जाएंगे और इस नाते शिक्षा संस्थानों और नौकरियों में उन्हें ज्यादा आरक्षण मिलने में आसानी हो जाएगी। एससी-एसटी की तरह ओबीसी आरक्षण जातिगत पिछड़ेपन पर आधारित है। चूंकि आरक्षण के अलावा समाज कल्याण की कई योजनाओं का आधार जातिगत पिछड़ापन है, इसलिए वंचित-पिछड़ी जातियों का सही आंकड़ा होना ही चाहिए। इससे सामाजिक कल्याण की योजनाओं के साथ आरक्षण की नीतियों को सही तरह लागू करने में सहायता मिलेगी। यह किसी से छिपा नहीं कि हर आरक्षित वर्ग में कुछ समर्थ पिछड़ी जातियां आरक्षण का लाभ लेकर और आर्थिक प्रगति के चलते आए बदलावों का लाभ उठाकर सक्षम बन चुकी हैं। उन्हें अब आरक्षण की आवश्यकता नहीं, लेकिन ऐसी ही जातियों के नेताओं को देखें तो यह साफ पता चलता है कि पिछड़ों के उत्थान के नाम पर उन्होंने अपनी ही जाति वालों का भला किया। क्या यही सामाजिक न्याय है? पिछड़ों की समर्थ जातियों के आरक्षण का अधिकतम लाभ लेने से कहीं अधिक पिछड़ी जाति वालों का भला नहीं हो पा रहा है। यह विसंगति दूर हो और पात्र लोगों को ही आरक्षण का लाभ मिले तभी जातिगत जनगणना के वास्तविक उद्देश्य हासिल होंगे। यह मान लेना सही नहीं कि पिछड़े वर्ग में सभी सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। एससी-एसटी जातियों की तरह पिछड़ी जातियों का एक तबका भी पिछले चार दशक में अपने पैरों पर खड़ा हो चुका है और मुख्यधारा में सम्मिलित है। ऐसे तबके के अनेक लोग यह नहीं चाहते कि उन्हें अगड़े-पिछड़े के सामाजिक चश्मे से देखा जाए। जातिवार जनगणना की घोषणा के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग और तेज होना तय है। राहुल गांधी ने ऐसी मांग फिर से कर दी है। आखिर कहां तक बढ़ेगी जातिगत आरक्षण की सीमा? वह 50 प्रतिशत तक पहले ही पहुंच गई है और कुछ राज्यों ने तो उसे 60-70 प्रतिशत कर दिया है। 10 प्रतिशत आरक्षण आर्थिक आधार पर भी है। आरक्षण की व्यवस्था ऐसी हो कि वह मेधा की अनदेखी न करने पाए। अगर देश को उन्नति करनी है तो हमें मेधा को सर्वोपरि रखना होगा। हर वर्ग के मेधावियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। यदि आरक्षण के चलते मेधा की अनदेखी होगी तो देश का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। आरक्षण की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण सरकारी नौकरियां हैं, लेकिन वे तो लगातार कम होती जा रही हैं। यह एक विडंबना है कि जो निजी क्षेत्र नौकरियां उपलब्ध करा रहा है, उसके प्रति सामाजिक न्याय की बातें करने वाले दलों और यहां तक कि कांग्रेस के नेताओं का रवैया अत्यधिक नकारात्मक है। आखिर ऐसे में कैसे बात बनेगी? आरक्षण कितना भी बढ़ जाए, उसका लाभ सबको देना संभव नहीं, क्योंकि सरकारी नौकरियों की एक सीमा है। आरक्षण की व्यवस्था ऐसी नहीं होनी चाहिए कि जो सबसे अधिक पिछड़े हैं, वे उसका लाभ पाने में भी सबसे पीछे रहें। जातिगत आरक्षण की मांग का एक अन्य कारण देश में अच्छे शिक्षा संस्थानों की कमी है। आबादी को देखते हुए तो यह कमी बहुत अधिक है और यह किसी से छिपा नहीं कि सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इसके लिए नेतागण कभी गंभीरता नहीं दिखाते। जाति भारत की एक कड़वी हकीकत है। यह अच्छा है कि हिंदुओं के साथ मुसलमानों और अन्य समुदायों में भी जाति गणना होगी। होनी भी चाहिए, क्योंकि जाति तो हर जगह है। उन समुदायों में भी, जो खुद को जातिविहीन बताते हैं। मुस्लिम समुदाय अनेक जातियों में बंटा है। इस समुदाय की सैयद, शेख, पठान जैसी समर्थ संपन्न जातियां उसी तरह अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का अधिकतम लाभ ले जाती हैं, जैसे पिछड़े वर्ग की कुछ समर्थ जातियां जातिगत आरक्षण का। मुस्लिम की तरह जातीय भेद से ईसाई, सिख और बौद्ध समाज भी अछूता नहीं। जनगणना के साथ जातिवार गणना में कोई बुराई नहीं, लेकिन खतरा यह है कि सामाजिक न्याय की बात करने वाले नेता जातिगत जनगणना के जरिये सामाजिक खाई को बढ़ावा देंगे। यह खतरा वास्तविक है, क्योंकि कई दल जाति विशेष की बात ही नहीं करते, उन्होंने खुद को कुछ विशेष जातियों के हितैषी दल के रूप में ही उभारा है। वे साफ तौर पर कुछ जातियों को दूसरी जातियों के खिलाफ खड़ा करते हैं। यह सामाजिक न्याय नहीं, अन्याय है। यह राजनीति जातीय विभाजन और जातीय वैमनस्य को बढ़ाती है। ऐसी राजनीति सामाजिक एकजुटता को कमजोर कर सकती है। ऐसा न होने पाए, इसके लिए कुछ जतन करने ही होंगे।

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने



पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरूआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है। जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गमार्या जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा। निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं। भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवदेनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था।

# वैदिक एवं पश्चिमी वैचारिकता में अंतर्द्वंद

**संजीव ठाकुर**

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना, आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है।

# अमूल के बाद अब गोकुल दूध भी महंगा

## गाय और फुल क्रीम दूध के दाम बढ़े

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और आम आदमी को राहत मिलने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। सब्जियों सहित रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से अंतर्राष्ट्रीय बाजार प्रभावित हुआ है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति में भी वृद्धि हुई है। इसका अप्रत्यक्ष असर दूध की कीमत पर पड़ रहा है। जो आम आदमी के आहार का अहम हिस्सा है। तीन दिन पहले अमूल कंपनी ने दूध के दाम बढ़ा दिए थे। दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा हुआ है। अमूल दूध के बाद अब गोकुल दूध की कीमत में भी बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। इससे ग्राहकों की जेब पर फिर बोझ पड़ेगा। कोल्हापुर दुग्ध उत्पादक संघ ने एक सर्कुलर जारी कर दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि कोल्हापुर से मुंबई शहर और उपनगरों, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों में वितरित गोकुल ब्रांड के सभी पॉलीथीन पैकेजिंग में फुल क्रीम और गाय के दूध की कीमत बढ़ रही है। संघ ने यह भी कहा कि नई दरें 4 मई से प्रभावी होंगी। हालांकि, टोंड (ताजा) और गोकुल शक्ति दूध की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा। फुल क्रीम दूध (क्लासिक) की कीमत 74 रुपये प्रति लीटर होगी। जबकि 5 लीटर फुल क्रीम दूध की कीमत 365 रुपये होगी। इसके अलाव गाय के दूध (सात्विक) की कीमत भी अब 58 रुपये प्रति लीटर हो गई है। हालांकि, टोन्ड और गोकुल शक्ति दूध के दाम नहीं बढ़ेंगे।




# बेशर्म... पहलगाम हमला हुआ और यूरोप में छुट्टियां मनाने निकल गए उद्धव ठाकरे

## मिलिंद देवड़ा ने उठाए सवाल

- शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब देश पहलगाम हमले के पीड़ितों के लिए शोक मना रहा था, तब ठाकरे यूरोप में छुट्टियां मना रहे थे। देवड़ा ने ठाकरे की अनुपस्थिति की तुलना एकनाथ शिंदे की शोक व्यक्त करने से की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने रविवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के लिए शोक मना रहा था, उस समय वह (उद्धव ठाकरे) अपने परिवार के साथ यूरोप में छुट्टियां मना रहे थे। 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने बैसरन घाटी में 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इस निर्मम हत्या की चौतरफा निंदा हुई। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों ने आतंकियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील भी की। रिपोर्ट्स के अनुसार उद्धव ठाकरे उसी दिन यूरोप के लिए रवाना हो गए जिस दिन आतंकवादी हमला हुआ। यही वजह है कि राजनीतिक विरोधियों और विभिन्न दलों के नेताओं ने इसके खिलाफ अपना रोष जाहिर किया है। मिलिंद देवड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भूमिपुत्रों से लेकर भारत के पर्यटकों तक ठाकरे कितने गिर गए हैं। जब पहलगाम में गोलियां चल रही थीं, तब वे यूरोप में छुट्टियां मना रहे थे। महाराष्ट्र दिवस पर वह बिना कुछ कहे गायब हो गए। कोई बयान नहीं। कोई एकजुटता नहीं। कोई शर्म नहीं।' देवड़ा ने ठाकरे की अनुपस्थिति की तुलना उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पीड़ितों के प्रति शोक व्यक्त करने और सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित करने से की। देवड़ा ने कहा कि इसके विपरीत, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पीड़ितों के साथ खड़े रहे और हमारे नायकों को सम्मानित किया। महाराष्ट्र को छुट्टी मनाने वाले अंशकालिक नेताओं की नहीं, बल्कि ड्यूटी पर तैनात योद्धाओं की जरूरत है।

फास्ट ट्रैक

# फ्लाइट में बैड टच! पैसेंजर ने एयर होस्टेस को गलत तरीके से छुआ तो मच गया बवाल

**दिल्ली से शिरडी जा रही इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री ने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। नशे में धुत यात्री ने क्रू मेंबर को गलत तरीके से छुआ। एयर होस्टेस ने तुरंत क्रू मैनेजर को बताया। शिरडी एयरपोर्ट पर उतरने के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शिरडीः दिल्ली से शिरडी जा रही इंडिगो की फ्लाइट में एक शर्मनाक घटना हुई। एक यात्री ने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। यह घटना 2 मई 2025 को हुई। आरोपी नशे में था। फ्लाइट के शिरडी में उतरने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट 6ए 6404 दिल्ली से शिरडी जा रही थी। विमान के टॉयलेट के पास एक यात्री ने एयर होस्टेस को गलत तरीके से छुआ। एयर होस्टेस ने तुरंत क्रू मैनेजर को बताया। क्रू मैनेजर ने शिरडी एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी दी। फ्लाइट के उतरते ही आरोपी को पकड़ लिया गया। उसे राहाता पुलिस स्टेशन ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। मेडिकल जांच में पता चला कि आरोपी यात्री ने शराब पी रखी थी। राहता पुलिस ने आरोपी के खिलासफ केस दर्ज किया है।

### इंडिगो ने जारी किया बयान

इंडिगो ने इस घटना पर एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि हमें 2 मई 2025 को दिल्ली से शिरडी जाने वाली फ्लाइट 6ए 6404 में हुई एक घटना की जानकारी है। एक यात्री ने केबिन क्रू के साथ अनुचित व्यवहार किया। हमारे क्रू ने नियमों का पालन किया और यात्री को उपद्रवी घोषित किया गया। पैसेंजर को उतरने पर सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया गया। इंडिगो में हम सभी के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हुई असुविधा के लिए हमें खेद है ।मामले की गंभीरता क्या ?इंडिगो ने यह भी कहा कि वे इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। कंपनी ने अपने सभी यात्रियों और क्रू सदस्यों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। यह घटना विमान में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाती है। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। यात्रियों को भी जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि विमान एक सार्वजनिक जगह है। वहां सभी को सम्मान के साथ रहना चाहिए।

# सामान के रेट पर विवाद

## दो भाइयों ने की दुकान पर मारपीट, 12वीं के छात्र की मौत; एक आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में सामान के रेट को लेकर हुई मारपीट में एक छात्र की मौत हो गई। घटना 30 अप्रैल को नट मढैया गांव में हुई। जितेंद्र नाम का व्यक्ति एक इलेक्ट्रिशियन की दुकान पर सामान खरीदने आया था। सामान का रेट कम करने की बात को लेकर जितेंद्र की दुकानदार से बहस हो गई। इस दौरान जितेंद्र का भाई नरेंद्र भी वहां आ गया। दोनों भाइयों ने दुकानदार और वहां काम करने वाले 19 वर्षीय अभिषेक के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट में गंभीर रूप से घायल अभिषेक को परिजन अस्पताल ले गए। तीन दिन तक चले इलाज के दौरान 3 मई को उसकी मौत हो गई। अभिषेक 12वीं कक्षा का छात्र था। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

# लाडली बहना योजना में फंड ट्रांसफर पर भड़के शिंदे सेना के न्याय मंत्री शिरसाट

## कहा- वित्त मंत्री अजित पवार नहीं कर सकते अपनी मनमानी

- महाराष्ट्र में लाडली बहन योजना के लिए फंड की कमी का मुद्दा गरमाया
- वित्त विभाग पर मनमानी का आरोप, शिंदे सेना और एनसीपी में टकराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



> लाडली बहनों को पैसा देने के लिए राज्य के वित्त विभाग ने सामाजिक न्याय विभाग के 410.30 करोड़ रुपये और आदिवासी विभाग के 335.70 करोड़ रुपये महिला व बाल विकास विभाग को ट्रांसफर करने पर शिंदे सेना के विधायक व सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट का पारा चढ़ गया है।

मुंबईः लाडली बहनों को पैसा देने के लिए राज्य के वित्त विभाग ने सामाजिक न्याय विभाग के 410.30 करोड़ रुपये और आदिवासी विभाग के 335.70 करोड़ रुपये महिला व बाल विकास विभाग को ट्रांसफर करने पर शिंदे सेना के विधायक व सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट का पारा चढ़ गया है। उन्होंने वित्त मंत्री अजित पवार को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि अगर उनको ( अजित पवार ) अपनी मनमानी करनी है तो क्यों नहीं सामाजिक न्याय मंत्रालय बंद कर देते। वे इसकी शिकायत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से करेंगे। इस मसले को लेकर महायुति सरकार में शामिल शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी के टकराव बढ़ गई है। लाडली बहनों को मंथली 1500 रुपये सरकार समय पर नहीं दे पा रही है। इसका कारण वित्त विभाग फंड की कमी को बता रहा है। दूसरी ओर, योजना के जनक एकनाथ शिंदे कह रहे हैं कि लाडली बहना योजना बंद नहीं होने देंगे, पर शिंदे की सरकार लाडली बहनों को समय पर पैसा नहीं दे पा रही है। लाडली बहनों को पैसा देने के लिए राज्य का वित्त विभाग दूसरे मंत्रालय में कटौती कर रहा है। शुक्रवार को ही शासनादेश जारी कर सामाजिक न्याय विभाग के 410.30 करोड़ रुपये और आदिवासी विभाग के 335.70 करोड़ रुपये महिला व बाल विकास विभाग में ट्रांसफर कर दिया। इसका कारण बताया गया कि लाडली बहनों को पैसा देना है।

वित्त विभाग के इस कदम से सामाजिक न्याय मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट भड़क उठे। शनिवार को उन्होंने जमकर अपनी भड़ास निकाली। अजित पवार के नेतृत्व वाले वित्त विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी जानकारी के बिना ही उनके मंत्रालय से फंड ट्रांसफर दिया जाता है। इससे पहले भी मुझे अंधेरे में रखकर बजट सत्र के दौरान मेरे विभाग से 7,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किया गया था। अगर सरकार नहीं चाहती कि सामाजिक न्याय विभाग काम करे, तो बेहतर होगा कि सरकार इस मंत्रालय को ही बंद कर दें।

शिंदे सेना के मंत्री शिरसाट के मंत्रालय से फंड ट्रांसफर करने के निर्णय से एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के बीच तनाव बढ़ गया है। शिरसाट ने वित्त विभाग पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सहन करने की भी एक सीमा होती है। उन्होंने कहा कि वह एक बार में ही सभी कोष क्यों नहीं खत्म कर देते हैं? छात्रों को छात्रवृत्ति और छात्रावास की क्या जरूरत है? उन्हें (पिछड़े समुदायों को) मुख्यधारा में लाने की क्या जरूरत है? सामाजिक न्याय विभाग न हो तो भी चलेगा।


फंड ट्रांसफर करना गलत है- वर्षा गायकवाड कांग्रेस की सांसद, राज्य की पूर्व कैबिनेट मंत्री और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने आदिवासी विकास विभाग और सामाजिक न्याय मंत्रालय से फंड ट्रांसफर को गलत बनाया। उन्होंने कहा कि वे भी मंत्री रही हैं।

जिस तरह से फंड ट्रांसफर किया है वह पूरी तरह से गलत है। सरकार के पास अगर पैसा नहीं था तो उसने लोगों से वादा क्यों किया? महाराष्ट्र को कर्ज में डुबोया जा रहा है और केवल प्रिय उद्योगपतियों और प्रिय ठेकेदारों के घर भरे जा रहे हैं। परंतु बीजेपी सरकार कानूनों की धज्जियां उड़ा रही है। किसी भी स्थिति में आदिवासी और सामाजिक विभाग का फंड लाडली बहन या अन्य योजनाओं के लिए नहीं दिया जाना चाहिए।

# मुंबई का गोखले ब्रिज बनकर तैयार, पर लोगों के लिए कब खुलेगा?

- गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा 100% तैयार, लेकिन अभी काम जारी है
- ट्रैफिक पुलिस को ब्रिज खोलने की आधिकारिक सूचना नहीं मिली
- ब्रिज के फुटपाथ और लाइटिंग का काम अंतिम चरण में है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई : अंधेरी पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा बन 100 प्रतिशत तैयार हो गया है। यह दावा बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर अभिजीत बांगर ने 25 अप्रैल 2025 को किया था और कहा था कि 30 अप्रैल तक सभी काम फिनिश कर लिए जाएंगे। लेकिन अभी भी ब्रिज पर क्रांक्रीटीकरण और लाइटिंग का काम चालू है। वहीं ट्रैफिक पुलिस को अब तक ब्रिज खोलने की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। वे कहते हैं कि ब्रिज खुलने से एक दिन पहले उन्हें लेटर मिलेगा, जो अब तक नहीं आया है। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि अभी ब्रिज पर कुछ काम बाकी है और ऐसे में अभी ब्रिज के खुलने में कुछ दिन और लग सकते हैं।ब्रिज के दूसरे हिस्से को वाहनों के आवागमन के लिए खोलने की तारीख के बारे में मुंबई के बीएमसी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बता दें कि वर्ष 1975 में बने गोखले ब्रिज का एक हिस्सा 3 जुलाई 2018 को गिर गया था, जिसमें दबकर दो लोगों की मौत हो गई थी। रेयह ब्रिज खतरनाक होने की वजह से बीएमसी ने 7 नवंबर 2022 से यातायात के लिए बंद कर दिया था।पैदल यात्रियों को करना होगा ट्रैफिक सिग्नल का इंतजारगोखले ब्रिज का पहला हिस्सा 26 फरवरी 2024 को आवागमन के लिए खुला था। तब गोखले और सीडी बफीर्वाला ब्रिज का अलाइनमेंट नहीं हो पाया था। अब गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा (दक्षिण तरफ) बन कर तैयार है। लेकिन यहां पैदल यात्रियों को गोखले-बफीर्वाला कनेक्टर पर ट्रैफिक सिग्नल बनने का इंतजार करना पड़ेगा।

# शादी के तामझाम को न, फंड से बनवाई गांव की सड़क और रिश्तेदारों से लगवाए पेड़, महाराष्ट्र के श्रीकांत बने हीरो

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के श्रीकांत एकुडे ने अपनी शादी को सादे समारोह में करके मिसाल पेश की। उन्होंने शादी के लिए बचाए गए 50,000 रुपये से गांव में 600 मीटर लंबी सड़क बनवाई, जिससे किसानों को खेतों तक पहुंचने में आसानी होगी।



मुंबई/ चंद्रपुर : महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के एक युवक ने अपनी शादी में भव्य समारोह का आयोजन नहीं किया। उसने शादी के लिए जुटाई रकम को गांववालों की भलाई के लिए यूज किया। युवक ने अपने एकत्र की गयी धनराशि का उपयोग करते हुए गांव में सड़क बनवाई। इस सड़क से गांव के लोगों को उनके खेतों तक पहुंचने के लिए कोई रोड नहीं था। उबड़-खाबड़ पगदंडी से उन्हें गुजरना पड़ता था। बारिश के दौरान ऐसा हालात हो जाते थे कि खेतों की ओर जाना नामुमकिन हो जाता था। लेकिन श्रीकांत एकुडे नाम के इस युवक ने मिसाल पेश की है ।वरोरा तहसील के सुसा गांव के श्रीकांत एकुडे ने बताया कि वह समाज सुधारक ज्योतिराव फुले के समर्थित 'सत्यशोधक' मॉडल से प्रेरित हैं। उन्होंने 28 अप्रैल को एक सादे समारोह में अंजलि से विवाह किया।

पहले ही सादे समारोह में शादी का कर लिया था फैसलाकृषि में स्नातकोत्तर श्रीकांत ने कहा कि उन्होंने रिश्तेदारों से पारंपरिक उपहार स्वीकार करने के बजाय इस अवसर पर लगभग 90 पौधे लगाए। श्रीकांत ने बताया कि जब उनकी शादी की योजना बनाई जा रही थी तो उन्होंने अनुरोध किया था कि पारंपरिक तरीके से समारोहों और दावतों पर पैसा खर्च न किया जाए।600 मीटर लंबी सड़क बनवाईअपने परिवार के सदस्यों और मेहमानों को राजी करने के बाद उन्होंने 50,000 रुपये एकत्र किए। इसका उपयोग लगभग 600 मीटर लंबी सड़क बनाने में किया, ताकि उनके गांव के लोग बिना किसी कठिनाई के अपने खेतों तक पहुंच सकें।मॉनसून में मिलेगी बड़ी राहतश्रीकांत ने बताया मॉनसून के दौरान हमारे गांव से खेतों तक जाने वाला रास्ता बहुत खराब हो जाता था। लोगों के लिए अपने खेतों तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाता था। स्थानीय लोगों और ग्राम पंचायत की मदद से हमने सड़क बनवाई ।नहीं लिए गिफ्ट, लगवाए पौधेश्रीकांत ने कहा कि लोग उपकरण, बर्तन और फर्नीचर जैसे उपहारों पर पैसा खर्च करते हैं, लेकिन उन्होंने अपने मेहमानों से कहा कि वे उनके लिए ऐसी कोई चीज न खरीदें।

झटका , शरद पवार की पार्टी के दिग्गज नेता हुए अजित पवार की एनसीपी में शामिल

# भतीजे ने दिया चाचा को जोर का झटका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- भतीजे (अजित पवार) ने अपने चाचा (शरद पवार) को जोर का झटका दिया है। खानदेश से शरद पवार की पार्टी के दो पूर्व मंत्री, तीन पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग अजित पवार की पार्टी में शामिल हो गए हैं जिसका बीजेपी ने विरोध किया है।




मुंबईः भतीजे (अजित पवार) ने अपने चाचा ( शरद पवार) को जोर का झटका दिया है। खानदेश से शरद पवार की पार्टी के दो पूर्व मंत्री, तीन पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग अजित पवार की पार्टी में शामिल हो गए हैं जिसका बीजेपी ने विरोध किया है। बीजेपी नेता व कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि महायुति के प्रोटोकॉल के तहत उन उम्मीदवारों को सत्ताधारी गठबंधन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, जिन्होंने हमारे खिलाफ चुनाव लड़ा हो, लेकिन अब अजित पवार ने इस प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया है।

### अजित पवार क्या बोले?

पार्टी में शामिल करते हुए अजित पवार ने कहा कि सभी जाति, धर्म के साथ मिलकर काम किया जाए। उन्होंने अपील की कि समाज के सभी घटकों को पार्टी में शामिल कर एनसीपी को महाराष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी बनाना है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आगे कहा कि उन्हें कभी भी सत्ता का लोभ नहीं रहा, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता का सबसे अधिक उपभोग भी उन्होंने ही किया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि राज्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी को तैयार हो जाना चाहिए। आज खानदेश की बड़ी ताकत ने पार्टी में प्रवेश किया है। इस मौके पर कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, राज्यमंत्री इंद्रनील नाईक, पूर्व मंत्री अनिल पाटिल, विधायक शिवाजीराव गर्जे, अमोल मिटकरी सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

### पवार के वफादार रहे देवकर

पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर लंबे समय से शरद पवार के वफादार रहे। देवकर ने शरद पवार की पार्टी से जलगांव ग्रामीण सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद शरद पवार की पार्टी में जलगांव जिले में दरार पड़ गई इसलिए स्थानीय निकाय चुनाव नजदीक आने से पहले कई कार्यकताओं को लग रहा है कि उन्हें सत्ताधारी पार्टी के साथ होना चाहिए। सियासी गलियारे में चर्चा है कि इसी वजह से गुलाबराव देवकर अजित पवार की एनसीपी में शामिल हुए।

देवकर को पांच साल की सजाजलगांव आवास घोटाले मामले में 2019 में देवकर को धुले जिला न्यायालय ने 5 साल कैद की सजा सुनाई थी। इस बड़े घोटाले के दौरान वह जलगांव नगर निगम के सदस्य थे। घोटाले में जिला अदालत द्वारा दोषी पाए जाने के बाद, राजनीतिक दबाव के कारण उन्होंने राज्य के शहरी परिवहन मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। 2014 में भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में रहने के दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। 2019 में उन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन फिर से हार गए।

# रानी बाग में दिखेगा समंदर का संसार, मुंबई में बन रहा देश का पहला इंटरनैशनल वॉटर एक्वेरियम

- मुंबई के भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी उद्यान (रानी बाग) में देश का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वॉटर टनल एक्वेरियम बनने जा रहा है। बीएमसी इस पर 60 करोड़ रुपये खर्च करेगी। 5000 वर्ग मीटर में बनने वाले इस एक्वेरियम में देशी-विदेशी मछलियों की 50 प्रजातियां होंगी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : देश का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वॉटर टनल एक्वेरियम मुंबई के भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी उद्यान (रानी बाग) में बनाने की तैयारी चल रही है। इस पर बीएमसी 60 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके लिए मार्च 2024 में बीएमसी ने टेंडर जारी किया था, जिसे अब फाइनल कर लिया गया है ।रानीबाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह एक्वेरियम पेंग्विन कक्ष के सामने 5000 वर्ग मीटर में बनाया जाएगा। इसमें देशी-विदेशी फिश की 50 प्रजातियों को रखा जाएगा ।2026 तक एक्वेरियम बनकर होगा तैयार एक्वेरियम में बच्चों के लिए पॉप ऑफ विंडो बनाया जाएगा। अधिकारी के अनुसार मई, 2025 के आखिरी तक एक्वेरियम का काम शुरू हो जाएगा। हमें उम्मीद है कि अप्रैल, 2026 तक एक्वेरियम बन कर तैयार हो जाएगा ।ऐसा होगा टनल अधिकारी ने कहा कि यह एक्वेरियम ऐसा बनाया जाएगा कि इसमें प्रवेश करते समय आप को लगेगा कि जैसे आप समुद्र में उतर रहे हैं। ऊपर टनल में मछलियां तैरती हुई नजर आएंगी। पर्यटकों को मछलियों के साथ उनके जलीय जीवन का भी अनुभव होगा। दो भागों में होगी टनलयह एक्वेरियम टनल शेप (गोलाकार) में दो भागों में बनेगा। इसमें एक भाग 14 मीटर लंबा होगा, जिसमें कोरल फिश रखी जाएंगी। जबकि, दूसरा 36 मीटर की दूरी पर बनेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की फिश और गहरे समुद्र के जलीय जीवन (प्रवाल) देखने को मिलेंगे। ऊंचाई 4 मीटर से ऊपर होगीइन दोनों टनल को जोड़ने में एक और घुमावदार प्रवेश मार्ग बनेगा। विशेष रूप से बच्चों को 360 डिग्री घूमने और मछली को करीब से देखने के लिए एक पॉपअप विंडो उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी क्षमता करीब 10 लाख लीटर पानी की होगी। अधिकारी ने बताया कि अंडरग्राउंड एक्वेरियम की ऊंचाई 4 मीटर से ऊपर होगी। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम, इमरजेंसी गेट, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनर, कूलिंग, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# केंद्र सरकार सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए सख्त कानून बनाएगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , सांसद नरेश म्हस्के ने नियम 377 के तहत संसद में डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लील और हिंसक सामग्री प्रसारित करने का मुद्दा उठाया था। रेल व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक लिखित ज्ञापन भेजने के बाद, उन्होंने सांसद नरेश म्हस्के को जवाब दिया कि सरकार जल्द ही इस मामले पर सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया का महत्व निश्चित रूप से बहुत बड़ा है। सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर लोगों के बीच संचार बढ़ाने तक, इन प्लेटफार्मों ने क्रांति ला दी है। दुर्भाग्य से, सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि कुछ समूह सचमुच इस स्वतंत्रता और अवसर का दुरुपयोग कर रहे हैं। एजाज खान जैसे कई कंटेंट क्रिएटर 'कंटेंट' के नाम पर सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैला रहे हैं। भाषा का ह्रास, अव्यवस्था, विकृत संचार और हिंसक व्यवहार आम बात होती जा रही है। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा था कि युवाओं को आकर्षित करने के नाम पर अश्लीलता की पराकाष्ठा पर पहुंचने वाले ये वीडियो और पोस्ट ऐसी स्थिति पैदा कर रहे हैं, जहां भारतीय संस्कृति शर्मसार हो रही है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, सांसद नरेश म्हस्के ने संसद में अपनी आवाज उठाई थी। सांसद नरेश म्हस्के ने ऐसे सभी डिजिटल प्लेटफार्मों के विनियमन, सेंसरशिप प्रणाली के कार्यान्वयन और अश्लील सामग्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। रेल, सूचना प्रसारण , इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद नरेश म्हस्के के अनुरोध को गंभीरता से लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद नरेश म्हस्के को लिखित पत्र में जवाब देते हुए कहा है कि सरकार इस मामले पर जल्द ही सख्त कानून लाने के लिए तैयार है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री वैष्णव का सांसद नरेश म्हस्के ने आभार व्यक्त किया है।

# 4 दिनों में 30,000 जुर्माना वसूल और 36,300 किलोग्राम प्लास्टिक बैग जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में नवी मुंबई मनपा एकल उपयोग प्लास्टिक और विशेष रूप से प्लास्टिक बैग के उपयोग को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसी के तहत सर्किट 2 के उपायुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के नियंत्रण में सर्कल 2 के उड़न दस्ते ने पिछले चार दिनों में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करते हुए पाए जाने वाले से आर्थिक रुपये दंड वसूल किया है। छह व्यापारियों से 30 हजार रुपये दंड तथा 36 किलो 300 ग्राम प्लास्टिक थैलियों का जखीरा जब्त किया गया है ।सर्कल 2 के प्लास्टिक रोकथाम दस्ते ने 1 मई को महाराष्ट्र दीनी मुलुंड ऐरोली टोलनाका से 30 किलोग्राम प्लास्टिक बैग जब्त किए और राजेश गुप्ता से 5,000 रुपये वसूले ।इसी तरह, 30 अप्रैल को टीम ने घनसोलीगांव में शिवशक्ति स्टोर्स से 1 किलो प्लास्टिक बैग जब्त किए और 5,000 रुपये जुमार्ना वसूला। उन्होंने घनसोली में पूजा ट्रेडर्स से 5,000 रुपये का जुमार्ना भी वसूला और 500 ग्राम प्लास्टिक बैग जब्त किए ।3 मई को कोपरखैरणे के सेक्टर 1 स्थित डीआर भानुशाली एंड संस को प्लास्टिक बैग का उपयोग करते हुए पाया गया, जिस पर 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया तथा 1 किलो प्लास्टिक बैग जब्त किया गया। सर्कल 2 की उड़न दस्ते ने ऐरोली के सेक्टर 1 स्थित थोरात बंधु किराना स्टोर्स और सेक्टर 6 स्थित महालक्ष्मी मार्ट से 5-5 हजार जुमार्ना और 3 किलो 800 ग्राम प्लास्टिक बैग जब्त किए। इस प्रकार, पर्यावरण और मानव जीवन के लिए प्लास्टिक से उत्पन्न खतरे के प्रति जन जागरूकता के साथ-साथ निरीक्षण अभियान चलाकर निवारक एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोगकताओं से जुमार्ना वसूलने की कार्रवाई भी की जा रही है। हालांकि, नवी मुंबई मनपा नागरिकों से प्लास्टिक बैग के उपयोग से बचने और कपड़े, कागज के बैग का उपयोग करने की अपील कर रहा है। इसके अलावा व्यापारियों को भी अपना सामान दान में प्लास्टिक की थैलियां नहीं देनी चाहिए तथा प्लास्टिक की थैलियों वाली दुकानों में भी सामान नहीं रखना चाहिए।

फास्ट ट्रैक

# शादी से 8 दिन पहले टूटा रिश्ता

## कार और 15 लाख की डिमांड, 3 लाख पहले हो चुका खर्च

शाहजहांपुर, थाना कलान क्षेत्र में दहेज की अतिरिक्त मांग के चलते एक शादी टूट गई। लालपुर ढका की रहने वाली हीरा कश्यप ने अपनी बेटी की शादी बदायूं जिले के रसूलपुर निवासी रोहित कश्यप से तय की थी। शादी 7 मई को होनी थी और कार्ड भी बंट चुके थे। पीड़िता की मां ने बताया कि गोद भराई में उन्होंने लड़के को डेढ़ तोला सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी और कपड़े दिए। साथ ही 51,000 रुपए नकद और लड़के की दादी को सोने की अंगूठी दी। गोद भराई में आए 20 मेहमानों को एक लाख रुपए की दक्षिणा भी दी गई। लग्न में एक लाख रुपए नकद के साथ सामान और मिठाइयां भी भेजी गईं। हालांकि, 29 अप्रैल की शाम को बर पक्ष ने फोन कर 3 लाख रुपए नकद और एक चार पहिया वाहन की अतिरिक्त मांग रख दी। मांग पूरी न होने पर उन्होंने रिश्ता तोड़ने की धमकी दी और 7 मई को बारात न लाने की बात कही। पीड़ित परिवार अब तक शादी की तैयारियों में करीब 3 लाख रुपए खर्च कर चुका है। समाज में बदनामी से परेशान परिवार ने पहले थाना कलान में शिकायत की। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर जलालाबाद क्षेत्राधिकारी अमित चौरसिया को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।



# वेव्स के संगीत कार्यक्रम के बाद सड़क से 2 टन और स्टेडियम परिसर से 5.5 टन कचरा एकत्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई, स्वच्छ शहर नवी मुंबई की राष्ट्रव्यापी पहचान है। 'वेव्स 2025' के अंतर्गत डॉ डी वाय पाटिल स्टेडियम में विश्व प्रसिद्ध संगीतकार एआर रहमान के 'वंडरमेट' के वैश्विक प्रीमियर में हजारों दर्शक शामिल हुए। इस संबंध में नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में स्टेडियम के बाहर की सड़कों और परिसर की साफ-सफाई रात में ही कर दी गई थी ।ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गड्डे, सर्कल 1 के उपायुक्त डॉ. सोमनाथ पोटरे और बेलापुर डिवीजन के सहायक आयुक्त डॉ. अमोल पालवे ने रात में विशेष सफाई अभियान चलाया। मुख्य स्वच्छता अधिकारी संजीव शेकड़े एवं स्वच्छता अधिकारी नरेश अंधेर, 4 स्वच्छता निरीक्षक, 3 स्वच्छता पर्यवेक्षक और 54 स्वच्छता मित्रों ने पूरे परिसर की सफाई की। इसी प्रकार, 3 टाटा एस कचरा ट्रक एकत्रित कचरे को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना स्थल तक ले जाने के लिए काम कर रहे थे। कचरा ट्रक प्रबंधक और नौ सफाईकर्मियों ने तुरंत कचरा वहां से हटा दिया ।स्टेडियम के बाहर सड़कों और आसपास से 2 टन कचरा एकत्र किया गया। इनमें प्लास्टिक की बोतलों का अनुपात अधिक था। इसी तरह, डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम के अंदर 10 टन की क्षमता वाले बड़े कॉम्पैक्टर वाहन खड़े किए गए थे। 5.5 टन कचरा एकत्र किया गया। इसे भी भरकर परियोजना स्थल पर ले जाया गया है। कार्यक्रम के तुरंत बाद नागरिकों ने रात्रि में आयोजित विशेष सफाई अभियान के परिणामस्वरूप सुबह साफ-सुथरी सड़कों पर संतोष व्यक्त किया।

# उल्हासनगर के एसएसटी महाविद्यालय ने सेबी के मार्गदर्शन में निवेश जागरूकता सत्र आयोजित किया

## कॉलेज के प्राध्यापकों और कर्मचारियों को मिली निवेश की विशेष जानकारी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. अभी हाल ही में एसएसटी महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. और कैपेसिटी बिल्डिंग कमिटी की ओर से और सेबी( भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड )के सहयोग से महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों के लिए निवेशक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप को सुमन फाउंडेशन के सौजन्य से विकसित किया गया था यह सत्र ₹पैसे कमाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है सही तरीके से निवेश कर उसे बढ़ाना,₹ इस विचार को साकार करते हुए आयोजित किया गया। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस मार्गदर्शन सत्र में सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक डॉ.सारिका लोहाना ने उपस्थित लोगों को निवेश का महत्व, विभिन्न निवेश साधन, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स के प्रकार, साथ ही निवेश से जुड़े कानून और नियमों की विस्तार से जानकारी दी। जानकारी इतनी स्पष्टता और सरल उदाहरणों के साथ दी गई कि उपस्थित लोगों में इस निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ी है। प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने सत्र के बाद कहा कि इस सत्र से भविष्य में सही तरीके से निवेश करने का आत्मविश्वास बढ़ा है। निवेश के इस विशेष संकल्पना के सूत्रधार महाविद्यालय के चेयरमैन और संस्थापक प्राचार्य डॉ.पूरस्वानी हैं ।यह कार्यक्रम आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.खुशबू पूरस्वानी की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न किया हुआ। महाविद्यालय में इससे पूर्व भी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। इस विशेष उपक्रम की सफलता में उपप्राचार्य डॉ.दीपक गवादे, डॉ.संतोष करमानी के साथ ही उपप्राचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के ठाणे जिला समन्वयक प्रा. जीवन विचारे और अन्य प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह विशेष उपक्रम आर्थिक साक्षरता और निवेश के प्रति जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।



# पुलिस चौकी के सामने दो गुटों में विवाद

## तिलहर में ठेले वालों में मारपीट, चौकी में पुलिस नदारद

शाहजहांपुर , तिलहर नगर के बिरियागंज इलाके में स्थित पुलिस चौकी के सामने दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के समय पुलिस चौकी में कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। संवेदनशील इलाके में स्थित इस चौकी के सामने ठेले वालों के दो गुटों में विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे चलाए और गाली-गलौज की। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीर भी परेशान नजर आए। बिरियागंज चौकी में एक उपनिरीक्षक और कई सिपाहियों की तैनाती है। पुलिस कर्मियों के लिए आवास की व्यवस्था भी मौजूद है। फिर भी न केवल रात में बल्कि दिन के समय भी चौकी में पुलिसकर्मी नहीं मिलते। स्थानीय लोगों के अनुसार इस इलाके में गाली-गलौज और झगड़े आम बात हो गई है। हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि बिरियागंज पुलिस चौकी पर 24 घंटे पुलिस कर्मियों की तैनाती होनी चाहिए। इससे क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहेगी।



# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने शुरू कराया रपटा पुल का निर्माण कार्य

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ) आजादी के सत्तर साल बाद भी जिस क्षेत्र के लोगों को आवागमन के लिए एक अदद पुल उपलब्ध नहीं था उस क्षेत्र के लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने रपटा पुल का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। रपटा पुल के निर्माण कार्य की खबर लगते ही मान्धाता के नूरपुर , पुरैला सहित आसपास के ग्राम सभा के लोगों के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी। चंद दिन पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद अपने साथियों के साथ पुरैला, नूरपुर सहित अन्य ग्राम सभा के लोगों के बीच पहुंचकर बकुलाही नदी पर आवागमन को लेकर हो रही समस्या से रूबरू हुए थे। जनता ने नूरपुर पुरैला के बीच बकुलाही नदी पर पुल न होने की समस्या से अवगत कराया था। जिसमें बताया गया कि स्कूली बच्चों, मरीज और अंतिम संस्कार के लिए जनाजा ले जाने में बहुत समस्या आती है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने एक सप्ताह पूर्व मौके का जायजा लेते हुए लोगों को रपटा पुल के निर्माण का भरोसा दिलाया था। आखिरकार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद अपने वादे पर खरे उतरते हुए नूरपुर पुरैला के बीच बकुलाही नदी पर रपटा पुल का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि हम सभी की कई पीढ़ियां इस समस्या को लेकर परेशान थी। हमें आठ से दस किलोमीटर घूमकर देलहूपुर, मऊ आइमा पहुचना पड़ता था। आजादी के सत्तर साल बाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद की पहल पर हम सभी को आवागमन के लिए रपटा पुल मिलने जा रहा है। जिससे हम सभी गांव के लोगों का आवागमन सुलभ होगा और समय भी बचेगा। इस रपटा पुल के निर्माण से नूरपुर, पुरैला , हालामई, मदई पुर , गुड़रू , पलहान , हउसा , रामपुर बनतरी सहित आसपास गांव के लोगों ने इस रपटा पुल के निर्माण पर खुशी जाहिर करते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद का आभार व्यक्त किया है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

## पीलीभीत के 18 साल के युवक की मौत, ईट भट्टे पर करता था काम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना खुटार क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के मुरादपुर निवासी 18 वर्षीय कपिल के रूप में हुई है। कपिल खुटार क्षेत्र में एक ईट भट्टे पर काम करता था और वहीं रहता था। शनिवार की रात वह बाइक से खुटार में सामान खरीदने गया था। गगुरगिया गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कपिल की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की और परिजनों को खबर दी। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पाकिस्तान के खिलाफ एबीवीपी का प्रदर्शन

- जलालाबाद में कार्यकताओं ने पुतला फूंका, सख्त कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जलालाबाद, जलालाबाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया। मुख्य चौराहे पर कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पाकिस्तान का पुतला दहन किया।

कार्यकताओं ने सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में जिला मंडल संयोजक जितेंद्र पाल, छात्र नेता संजय गुप्ता और तहसील संयोजक जय श्रीवास्तव मौजूद रहे। नगर सह मंत्री शिवा सक्सेना, रचित वर्मा, प्रियांशु गुप्ता, साहिल, प्रभात, संगम, बंटू, आयुष, अजय, यश गौतम, शिवांश और अंकित समेत कई कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

## देवर की शादी के एक दिन बाद मिला शव, पति समेत ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका तारावती (30) की शादी दस वर्ष पहले पुवायां क्षेत्र के फतेहपुर बुजुर्ग निवासी लेखराम से हुई थी। मायके पक्ष को तारावती की मौत की सूचना मिली। जब परिजन ससुराल पहुंचे, वहां कोई नहीं मिला। मृतका के शरीर पर चोट के निशान थे। उसकी चूड़ियां टूटी हुई थीं और घर का सामान बिखरा पड़ा था। मृतका के भाई ने बताया कि पहले भी घरेलू हिंसा का मामला चला था। चार साल तक केस चलने के बाद समझौता हुआ और बहन ससुराल लौट गई थी। एक मई को देवर की शादी में मायके पक्ष के लोग भी शामिल हुए थे। उस दौरान सब कुछ सामान्य था। दो मई को मेहमान वापस लौटे और अगले ही दिन तारावती की मौत की खबर मिली। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 25 हजार इनामी बदमाश का एनकाउंटर

## दोनों पैर में गोली लगी, पुलिस से हाथ जोड़कर बोला- अब गलती नहीं करूंगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी बदमाश शेरू को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है। शेरू ने तीन भाइयों पर फायरिंग की थी, जिसमें एक की मौत हो गई थी। घटना चौक कोतवाली क्षेत्र की है। शेरू के बच्चों का मोहल्ले के कमलेश के बच्चों से विवाद हुआ था। इसी विवाद में शेरू ने अपने साथियों के साथ कमलेश और उसके भाइयों जीतेंद्र और अखिलेश पर फायरिंग की थी। कमलेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। जीतेंद्र और अखिलेश का इलाज जारी है। पुलिस ने एक मई को आरोपी रामनिवास और उसके बेटे सुमित को गिरफ्तार किया था। पुलिस को सूचना मिली कि शेरू साउथ सिटी के पास जंगल में है। पुलिस की घेराबंदी के दौरान शेरू ने फायरिंग कर दी, जिसमें एक कांस्टेबल घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में शेरू के दोनों पैरों में गोली लगी। एसपी राजेश द्विवेदी जब अस्पताल पहुंचे तो बदमाश हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। एसपी ने कहा कि अब कोई दूसरा काम ढूंढ लेना। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# कलान में मुकेश हत्याकांड का एक आरोपी पकड़ा गया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कलान क्षेत्र में हुए मुकेश हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतक की पत्नी सुनीता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मृतक शेर सिंह उर्फ मुकेश की हत्या फावड़ा, रॉड और धारदार हथियारों से की गई थी। आरोपियों ने शव को पानी के गड्ढे में डालकर मिट्टी से दबाने का प्रयास किया था। पुलिस ने इस मामले में ज्ञानेंद्र उर्फ ज्ञानू, आलोक, अजय गुप्ता और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान एक और आरोपी विपिन का नाम सामने आया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विपिन को उदियाबारा में दुकानों के पास खेत के निकट से गिरफ्तार किया। विपिन अब्दुल्ला नगर मिलकिया का रहने वाला है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर रही है।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# जेलेंस्की बोले- रूस आए विदेशी मेहमानों की सुरक्षा गारंटी नहीं

## पूर्व रूसी राष्ट्रपति का पलटवार- 9 मई को हमला किया तो अगले दिन कीव नहीं बचेगा

एजेंसी

मॉस्को, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि रूस के साथ जारी युद्ध को देखते हुए यूक्रेन 9 मई की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने मॉस्को आए किसी भी विदेशी मेहमान की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं दे सकता है। जेलेंस्की ने कहा- रूस में जो कुछ भी होता है, उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हो सकते। वो आपकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, हम आपको कोई गारंटी नहीं देंगे। जेलेंस्की के इस बयान पर रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि यह बयान एक तहत का उकसावा है। किसी ने भी 9 मई की परेड के लिए यूक्रेन के सुरक्षा गारंटी नहीं मांगी थी। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन ने 9 मई को विक्ट्री डे परेड के दौरान मॉस्को पर हमला किया तो



इस कोई भी इस बात की गारंटी नहीं ले पाएगा कि यूक्रेन की राजधानी कीव 10 मई तक सुरक्षित जिंदा पाएगी। रूस हर साल 9 मई को विक्ट्री डे परेड निकलता है रूस सेकेंड वर्ल्ड वॉर में अपनी जीत के जश्न के तौर पर हर साल 9 मई को विक्ट्री डे परेड सेलिब्रेट करता है। पुतिन ने इस परेड को देखते हुए यूक्रेन के साथ 8 मई लेकर 10 मई तक तीन दिन (72 घंटे) के सीजफायर का ऐलान किया है। इसे लेकर जेलेंस्की का कहना है कि वो रूस के साथ 30 दिन का युद्ध विराम चाहते हैं। हालांकि पुतिन पहले इससे इनकार कर चुके हैं। इस साल इस परेड में शामिल होने के लिए 20 से ज्यादा देशों के मेहमान रूस पहुंचेंगे, जिनमें चीन, ब्राजील, वेनेजुएला और सर्बिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हैं। पुतिन बोले- यूक्रेन के लिए परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं पड़ेगी दूसरी तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में न्यूक्लियर हथियारों की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा- हमने 2022 में जो शुरू किया था, उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए हमारे पास पर्याप्त ताकत है। रूस के सुप्रीम लीडर के तौर पर पुतिन के 25 साल के कार्यकाल पर स्टेट मीडिया ने रूस, क्रेमलिन, पुतिन, 25 साल नाम से एक फिल्म बनाई है। इसमें पुतिन ने कई अलग-अलग मुद्दों पर बात की। 72 साल के पुतिन ने कहा कि वो हमेशा अपने उत्तराधिकारी के बारे में सोचते हैं। पुतिन ने कहा- आखिरकार, चुनाव लोगों के लिए है, रूसी लोगों के लिए। मुझे लगता है कि सिर्फ एक इंसान नहीं बल्कि कई लोग होने चाहिए, ताकि लोगों के पास विकल्प हो। पुतिन रूस की पूर्व खुफिया एजेंसी केजीबी के जासूस रह चुके हैं। उन्होंने 1999 में रूस का राष्ट्रपति पद संभाला था। वो 1999 से 2008 तक रूस के राष्ट्रपति रहे। इसके बाद 2008 से 2012 तक प्रधानमंत्री रहे, और उसके बाद 2012 में फिर से राष्ट्रपति बन गए।

# इजराइल में हूती मिसाइल अटैक से एअर इंडिया फ्लाइट डायवर्ट

## 300 पैसेंजर के साथ अबूधाबी में उतरी; 6 मई तक तेल अवीव की उड़ानें रोकीं

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस हमले की वजह से दिल्ली से तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई139 को अबू धाबी डायवर्ट करना पड़ा। हमले के वक्त विमान की लैंडिंग में महज एक घंटा बाकी था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, विमान उस समय जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में था। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन में करीब 300 लोग सवार थे। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि फ्लाइट ने



अबू धाबी में सुरक्षित लैंडिंग की है और उसे जल्द ही दिल्ली लौटाया जाएगा। एअर इंडिया ने कहा है कि जिन यात्रियों ने 3 से 6 मई 2025 के बीच की उड़ानों के लिए टिकट बुक किए हैं, उन्हें अपना टिकट एक बार बदलने की सुविधा या पूरा पैसा वापस पाने का विकल्प दिया जाएगा। मिसाइल ने एयरपोर्ट के परिसर में एक सड़क और एक वाहन को नुकसान पहुंचाया। इजराइली सेना ने माना है कि उनका डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल को रोकने में नाकाम रहा। इसकी जांच की जा रही है। इस हमले में 8 लोग घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि यह हमला गाजा पर इजराइल के सैन्य अभियानों और मार्च 2022 से जारी नाकाबंदी के विरोध में किया गया है। हूती प्रवक्ता याा सारी ने कहा कि हमले में फिलिस्तीन-2 हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल हुआ। इसने इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को भेद दिया। हालांकि इजराइली सेना ने हाइपरसोनिक मिसाइल के दावे को खारिज किया है। इससे पहले हूती विद्रोहियों ने मार्च में 48 घंटों में 3 बार इजराइली एयरपोर्ट को निशाना बनाया था। हालांकि सभी हमले इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से रोक दिए गए थे। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हमले का जवाब देने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे 7 गुना जवाब देंगे। काट्ज ने कहा कि हूती का वही अंजाम होगा जो हमने हमास और हिजबुल्लाह का किया है। मिसाइल हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खास बैठक भी बुलाई है। इस मीटिंग में नेतन्याहू इजराइली डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से इस बात को लेकर चर्चा करेंगे कि हूती विद्रोहियों के खिलाफ क्या एक्शन लिया जाए।

# पाकिस्तानी सांसद का बयान- युद्ध छिड़ा तो इंग्लैंड चला जाऊंगा

## क्या मोदी मेरी मौसी के बेटे हैं, जो मेरे कहने से जंग रोक देंगे

एजेंसी



इस्लामाबाद, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच काफी ज्यादा तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तानी नेता कई बार युद्ध की चेतावनी दे चुके हैं। इस बीच पाकिस्तान के एक सांसद ने कहा है कि अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ गया तो वो इंग्लैंड भाग जाएंगे। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल मरवत से एक पत्रकार ने पूछा कि अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ा तो क्या वो बंदूक लेकर बॉर्डर पर जाएंगे। इस पर मरवत ने कहा- अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ा तो मैं इंग्लैंड चला जाऊंगा। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तनाव कम करने के लिए पीछे हट जाना चाहिए? इस पर मरवत ने कहा- क्या मोदी मेरी खाला (मौसी) के बेटे हैं कि मेरे कहने से पीछे हट जाएंगे? मरवत का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल है। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें अपनी सेना पर भरोसा नहीं है। मरवत पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सदस्य है। हालांकि, पार्टी और उसके नेतृत्व की लगातार आलोचना की वजह से इमरान खान ने उन्हें प्रमुख पदों से हटा दिया था। वह खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से ताल्लुक रखते हैं। भारत ने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करते हुए चिनाब नदी का पानी रोक दिया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) को 12 दिन हो चुके हैं। पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों से मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ से भी मीटिंग की थी।

वहीं, पंजाब की अमृतसर पुलिस ने रविवार को 2 जासूसों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कहा कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की इन्फार्मेशन और फोटोज विदेश भेज रहे थे। ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव हैं।

# बांग्लादेश में महिला सुधार प्रस्ताव पर हजारों कट्टरपंथी भड़के

## कहा- पश्चिमी कानून मत थोपो; ये इस्लामिक आस्था के खिलाफ, महिलाओं के जीने के नियम अलग

एजेंसी

बांग्लादेश, राजधानी ढाका में शनिवार को एक कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े 20 हजार लोगों ने रैली निकाली। इसमें सरकार से महिला सुधार आयोग को खत्म करने की मांग की गई। रैली में आए लोगों ने महिला सुधार आयोग को इस्लामी आस्था के खिलाफ बताया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में बैनर और तख्तियां थीं, जिस पर लिखा था 'हमारी महिलाओं पर पश्चिमी कानूनों को न थोपो, बांग्लादेश जागो।'



हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े एक नेता मामुनुल हक ने महिला सुधार आयोग के सदस्यों के लिए सजा की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस आयोग ने देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। महिला मदरसा के शिक्षक मोहम्मद शिहाब उद्दीन ने रैली में कहा कि पुरुष और महिला कभी समान नहीं हो सकते। कुरान में महिलाओं और पुरुषों के लिए जीवन जीने के खास नियम बताए गए हैं। सभी को इसे मानना होगा। बांग्लादेश में नाबालिग लड़कियों और महिलाओं के खिलाफ अपराध में इजाफा हुआ है। इसके रोकने के लिए यूनुस सरकार ने महिला सुधार आयोग का गठन किया है। इस आयोग ने महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता, और धर्मनिरपेक्ष नीतियों को बढ़ावा देने से जुड़े कुछ प्रस्ताव पेश किए हैं। इसमें महिलाओं को संपत्ति में समान अधिकार देने की बात की गई है। इसके अलावा सभी धर्मों की महिलाओं के लिए एक समान पारिवारिक कानून लागू करने की सिफारिश की गई है। बांग्लादेश में फिलहाल पारिवारिक कानून धर्म के आधार पर लागू होते हैं। मुस्लिम महिलाओं के लिए शरिया-आधारित कानून हैं जबकि हिंदू महिलाओं के लिए हिंदू पर्सनल लॉ लागू होते हैं। बाकी धर्मों के लिए भी उनके धर्मों के हिसाब से कानून लागू होते हैं।

# पहलगाम आतंकी हमला, कश्मीर के नजाकत की सीएम साय ने की प्रशंसा

### बोले सभी मुसलमान बुरे नहीं होत



एजेंसी

**उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के नजाकत ने अपनी जान पर खेलकर छत्तीसगढ़ के 11 लोगों की जान बचाई. उन्होंने पीटीआई से बातचीत में टूरिस्ट गाइड नजाकत अहमद शाह के प्रति आभार जताया. सीएम साय ने कहा कि कुल लोगों की वजह से मुस्लिम समुदाय बदनाम हो रहा है.**

रायपुरः पहलगाम आतंकी हमले पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने जम्मू कश्मीर के टूरिस्ट गाइड नजाकत अहमद शाह की तारीफ की है. उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के नजाकत ने अपनी जान पर खेलकर छत्तीसगढ़ के 11 लोगों की जान बचाई. उन्होंने पीटीआई से बातचीत में टूरिस्ट गाइड नजाकत अहमद शाह के प्रति आभार जताया. सीएम साय ने कहा कि कुल लोगों की वजह से मुस्लिम समुदाय बदनाम हो रहा है. सभी मुसलमान बुरे नहीं होतेः सीएम साय ने नजाकत शाह की तारीफ करते हुए कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि सभी मुसलमान बुरे हैं, क्योंकि कई अच्छे लोग भी हैं, लेकिन कुछ लोगों की वजह से मुस्लिम समुदाय बदनाम हो रहा है. मैं छत्तीसगढ़ के लोगों को बचाने के लिए नजाकत का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा. उन्होंने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों की जान बचाई जो उस समय पहलगाम में यात्रा के लिए गए हुए थे. नजाकत ने 8 लोगों और तीन बच्चों को बचाया. नजाकत का छत्तीसगढ़ से नाताः सीएम साय ने कहा कि नजाकत ने जिन पर्यटकों की जान बचाई उनमे भाजयुमो यूथ विंग के नेता अरविंद एस अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, शिवांश जैन और हैप्पी वधावन हैं. सीएम साय ने यह भी बताया कि नजाकत सर्दियों के मौसम मे छत्तीसगढ़ में कश्मीरी शॉल बेचने आते हैं. इसलिए वे यहां के लोगों को जानते थे.22 अप्रैल को जब आतंकी हमला हुआ, तो एमसीबी के 11 लोग अपनी यात्रा के अंतिम चरण में बैसरन घाटी में थे. इस दौरान नजाकत अहम शाह ने दो बच्चों को गोद में उठाया और घटनास्थल से भाग गए, उसके बाद अन्य लोग भी नजाकत के साथ सुरक्षित स्थान पर चले गए. मैं यह कहना चाहूंगा कि सभी मुसलमान बुरे नहीं होते और कुछ लोगों की वजह से समुदाय बदनाम हो रहा है.- विष्णुदेव साय, सीएम, छत्तीसगढ़मोदी सरकार कड़ी कार्रवाई करेगीः पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई होगी. पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए भारत को क्या करना चाहिए. इस सवाल के जवाब में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करेगी.

# यूपी में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर हैं...

## अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर को घेरा

**भ्रष्टाचार और अन्याय की वजह से ही पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार एकजुट हो गया है और इसी एकजुटता से घबराकर ही भाजपा ने जातिवार जनगणना का फैसला किया है। इस जनगणना में भी धांधली ना हो इसलिए भी पीडीए परिवार एकजुट रहे।**

एजेंसी



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अन्याय की कोई सीमा नहीं रह गई है और यह पहली बार दिख रहा है कि प्रदेश के अधिकारी इस राज्य के बाहर निवेश कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने यहां प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा अपने जिले सिद्धार्थनगर में गेहूं खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाए जाने के बाद कहा, इस सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। अन्याय भी उतना ही चल रहा है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार और अन्याय की वजह से ही पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार एकजुट हो गया है और इसी एकजुटता से घबराकर ही भाजपा ने जातिवार जनगणना का फैसला किया है। इस जनगणना में भी धांधली ना हो इसलिए भी पीडीए परिवार एकजुट रहे। सपा प्रमुख ने एक सवाल पर कहा, इस बार भारतीय जनता पार्टी की कोई चालबाजी नहीं चलेगी। यह लोग चुनाव में धांधली करते हैं, मगर इस बार उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में हम भाजपा की कोई भी चार सौ बीसी नहीं चलने देंगे। नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने प्रेस वार्ता में सिद्धार्थनगर जिले में गेहूं की सरकारी खरीद में 64 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि गबन में भाजपा के लोग शामिल हैं और मुख्यमंत्री से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा प्रमुख यादव ने दावा किया, कई अधिकारियों के खिलाफ 165 करोड़ रुपये की धांधली को लेकर कार्रवाई होने जा रही है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, एक अधिकारी इतने ईमानदार थे कि उन्होंने अपने नाम पर एक भी फ्लैट नहीं रखा और अपने सहयोगी-साथियों के नाम पर न जाने कितने फ्लैट खरीद लिये। वह भी न सिर्फ उत्तर प्रदेश में बल्कि उत्तर प्रदेश के बाहर भी। यह तो पहली बार सरकार में देखने को मिल रहा है कि उत्तर प्रदेश के अधिकारियों का निवेश उत्तर प्रदेश के बाहर हो रहा है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि अधिकारी जो बहुत ही मलाईदार पद पर हैं, वह दूसरे राज्यों में निवेश कर रहे हैं।

# चारधाम यात्रा में न आये गैर हिंदू, वर्जित हो विधर्मियों का प्रवेश

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने धर्म में आस्था रखने वालों से की खास अपील

एजेंसी



देहरादूनः ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सनातन धर्म में आस्था रखने वाले हिंदुओं को ही चारधाम यात्रा में आने की अपील की है. उन्होंने कहा गैर हिंदुओं को चारधाम यात्रा में नहीं आना चाहिए. स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा तीर्थ की मयार्दाएं बनी रहनी चाहिए. उन्होंने कहा आमोद प्रमोद के लिए चारधाम यात्रा नहीं की जानी चाहिए. उन्होंने कहा यदि सात्विक भाव से चारधाम आयेंगे, तो उनको आध्यात्मिक लाभ अवश्य मिलेगा. उन्होंने कहा विधर्मियों का चारोंधामों में प्रवेश वर्जित किया जाना चाहिए.ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा जब भी आप अपने घर से यात्रा पर निकलें तो इस बात को ध्यान अवश्य रखें कि तीर्थ यात्रा कर रहे हैं. उन्होंने कहा तीर्थंटन और पर्यटन के अंतर को समझना जरूरी है. स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओ के दर्शन की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए. देव भूमि से यह संदेश न जाये कि श्रद्धालु बिना दर्शन के वापस लौटे हैं.अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विधर्मियों के चारधामों में प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित किये जाने की बात कही. उन्होंने कहा ऐसा देखने और सुनने में आता है कि दूसरे धर्म के लोग चारधामों और यात्रा पड़ावों में बिना किसी रोक-टोक के आवागमन कर रहे हैं.

# पहलगाम हमले पर ईयू के बयान से भड़के एस जयशंकर

## बोले- 'हमें साथ देने वाले चाहिए, ज्ञान देने वाले नहीं'

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत जब दुनिया की तरफ देखता है तो हम पार्टनर की तलाश करते हैं, उपदेश देने वालों की नहीं.**

एजेंसी

जिओ पॉलिटिक्स मुद्दों पर भारत के रुख को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे यूरोपीय देशों पर कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि भारत भागीदारों की तलाश करता है, उपदेशकों की नहीं और यूरोप का कुछ हिस्सा अभी भी उस समस्या से जूझ रहा है. विदेश मंत्री से पूछा गया कि भारत यूरोप से क्या अपेक्षा करता है, इसके जवाब में उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा, जब हम दुनिया को देखते हैं तो हम भागीदारों की तलाश करते हैं, हम उपदेशकों की तलाश नहीं करते, खासतौर से ऐसे उपदेशकों की जो विदेश में उपदेश देते हैं, उसका पालन अपने देश में नहीं करते और मुझे लगता है कि यूरोप का कुछ हिस्सा अभी भी उस समस्या से जूझ रहा है,





कुछ में बदलाव आया है. 'रियलिटी चेक जोन में एंट्री कर चुका है यूरोप'उन्होंने ये भी कहा कि यूरोप अब रियलिटी चेक के जोन में एंट्री कर चुका है. एस. जयशंकर ने कहा, अब वे इस दिशा में आगे बढ़ पाते हैं या नहीं, यह हमें देखना होगा, लेकिन हमारे दृष्टिकोण से अगर हमें साझेदारी विकसित करनी है तो कुछ समझ होनी चाहिए, कुछ संवेदनशीलता होनी चाहिए, हितों में पारस्परिकता होनी चाहिए, यह अहसास होना चाहिए कि दुनिया कैसे काम करती है, ये सभी काम यूरोप के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग स्तर पर प्रगति पर हैं, कुछ आगे बढ़े हैं, कुछ थोड़े कम.

### यूरोप पर पहले भी सख्त बयान दे चुके हैं विदेश मंत्री

डॉ. जयशंकर ने इससे पहले भी इस मुद्दे पर भारत की स्थिति को स्पष्ट किया है, जब भारत के फैसलों ने पश्चिम में चिंता पैदा की थी. ऐसा ही एक निर्णय भारत की ओर से रूस से तेल आयात करने का कदम था, जब पश्चिम ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान मास्को पर प्रतिबंध लगा दिए थे. उस वक्त उन्होंने कहा था, मैं समझता हूं कि (यूक्रेन में) संघर्ष की स्थिति है. मैं यह भी समझता हूं कि यूरोप का एक दृष्टिकोण है और यूरोप जो विकल्प चुनना चाहेगा

## संक्षेप

### दलित किसान की हत्या मामले में 5 पर केस

**खेत की रखवाली के दौरान डंडों से किया था हमला, पुलिस तलाश में जुटी**

सुलतानपुर, दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सुरहरपुर गांव में एक दलित किसान की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राम खिलाड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक की पत्नी अमरावती की शिकायत पर एक नामजद और 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। घटना 3 मई की शाम की है। अमरावती के अनुसार, राम सजीवन वर्मा और उसके 4-5 साथी उनके घर आए। वे राम खिलाड़ी और मोतीलाल को लड़की लादने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए। करीब तीन घंटे बाद गांव के विनोद ने सूचना दी कि राम खिलाड़ी की हत्या कर दी गई है। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि राम खिलाड़ी और मोतीलाल खेत की रखवाली कर रहे थे। इस दौरान दो लोग बाइक से आए और डंडों से हमला कर दिया। राम खिलाड़ी के सिर पर डंडा लगने से उनकी मौत हो गई। मोतीलाल को भी कई डंडे मारे गए। घटना की सूचना मिलने पर 112 पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। राम खिलाड़ी को दोस्तपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

### यूपी बोर्ड में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान

**सुलतानपुर के श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज में टॉप-10 में आए 14 छात्रों को किया सम्मानित**

सुलतानपुर, श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज, कलान में विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इस दौरान जनपद के टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक ने कहा हम अपने कॉलेज में ऐसे बच्चों को फीस में 50 प्रतिशत की छूट देंगे। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में कॉलेज की छात्रा खुशी साहू ने 600 में से 575 अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। आयुष सिद्धार्थ 574 अंकों के साथ दूसरे और अनन्या जायसवाल 570 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। जिले की टॉप-16 में इस कॉलेज के 9 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इंटरमीडिएट में छात्रा साक्षी ने 469 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के 5 छात्रों ने जिले के टॉप-10 में जगह बनाई।


### दोस्तपुर थाने के पीछे लगी आग

**पुलिसकर्मियों और फायर ब्रिगेड ने मिलकर पाया आग पर काबू**

सुल्तानपुर, दोस्तपुर थाने के पीछे रविवार शाम 4 बजे अचानक आग लग गई। आग ने सरपट के जुट्टे और सूखे पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल डंडों से आग बुझाने का प्रयास किया। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

# एक देश- एक चुनाव पर प्रयागराज में प्रबुद्ध सम्मेलन

## भाजपा काशी प्रांत अध्यक्ष बोले- समय, धन और ऊर्जा की होगी बचत



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

प्रयागराज, नैनी स्थित यूनाइटेड कॉलेज में रविवार को एक देश एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया। काशी प्रांत भाजपा अध्यक्ष दिलीप कुमार पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दिलीप कुमार पटेल ने कहा कि एक देश एक चुनाव से भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा। बार-बार चुनाव से आर्थिक संसाधनों की बर्बादी होती है। इससे प्रशासनिक कार्य और विकास योजनाएं भी प्रभावित होती हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से समय और धन की बचत होगी। करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद ने बताया कि एक साथ चुनाव से मतदाताओं को सुविधा मिलेगी। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से अनिश्चितता का माहौल बनता है। एक साथ चुनाव से नीतियों में स्थिरता आएगी और विकास को गति मिलेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष यमुनापार राजेश शुक्ला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष विभव प्रजापति समेत कई ब्लॉक प्रमुख मौजूद रहे। इनमें करछना के कमलेश द्विवेदी, कौंधियारा के इंद्रनाथ मिश्रा और चाका के अनिल पटेल शामिल थे।

जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल सहित अन्य पदाधिकारी और क्षेत्र के लोग भी उपस्थित रहे।

# 43 केंद्रों पर नीट-यूजी की परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों को दी गई एंट्री, जूते उतरवाए; लेट आने पर नहीं मिला प्रवेश

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



प्रयागराज, 43 परीक्षा केंद्र पर नीट की परीक्षा हो रही है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। इसके प्रदेश के नोडल के रूप में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र भेजकर परीक्षा केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य नोडल अधिकारी भगवती सिंह ने बताया कि 3 से 4 केंद्रों के समूह के लिए जिला प्रशासन से एक नोडल अधिकारी और प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए एक नोडल पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर व आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को नहीं रहने दिया जाएगा। मोबाइल या अन्य किसी भी तरह की संदिग्ध चीजें परीक्षार्थी अंदर लेकर नहीं जा सकते हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्र पर ही गहन तलाशी भी ली जाएगी। वहीं, परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से भी परीक्षा की निगरानी की जाएगी। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को पहले ही परीक्षा संबंधित गाइडलाइन दिए जा चुके हैं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# युवक की अमेठी में संदिग्ध मौत

**फंदे से लटकता शव मिला, 8 दिन पहले पत्नी के साथ नाना के घर आया था**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, मोहनगंज थाना क्षेत्र में कुटमरा गांव के पास नैया पुल के नजदीक एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान बाराबंकी जिले के असंद्रा थाना क्षेत्र के सिद्धौर निवासी मोहम्मद रईस के रूप में हुई है। 26 वर्षीय मोहम्मद रईस अपनी पत्नी के साथ तिलोई कस्बे के पठान टोला में अपने नाना मोहम्मद अहमद के घर आठ दिन पहले आया था। सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल की परिस्थितियां आत्महत्या और हत्या दोनों की ओर इशारा कर रही हैं। मृतक की जेब से कोई मोबाइल फोन या पहचान पत्र नहीं मिला। सीओ अजय सिंह के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह मामला पारिवारिक विवाद या प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

# नरेश माहेश्वरी सुसाइड केस में नया मोड़

## मुख्य आरोपी श्रीकृष्ण सोनी को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सुलतानपुर, नरेश माहेश्वरी सुसाइड केस में लखनऊ हाईकोर्ट ने मुख्य आरोपी श्रीकृष्ण सोनी को अग्रिम जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने जांच और ट्रायल में सहयोग की शर्त पर यह राहत दी है। इससे पहले सुलतानपुर के जिला एवं सत्र न्यायालय ने 17 अप्रैल को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामला 4 मार्च का है, जब सुलतानपुर के दरियापुर निवासी चंचल माहेश्वरी ने अपने पति नरेश माहेश्वरी की संदिग्ध मौत के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया।

उन्होंने श्रीकृष्ण सोनी, गगनदीप सिंह माकन और शरनप्रदीप देसाई को आरोपी बनाया। चंचल का कहना है कि रुपयों के लेन-देन को लेकर इन तीनों ने उनके पति पर दबाव बनाया, जिससे परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। नरेश माहेश्वरी का शव लोको कॉलोनी रेलवे ट्रैक पर मिला था। शुरूआत में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पोस्टमार्टम के दौरान कथित तौर पर सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आई, जिससे मामले में कई सवाल उठे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले से शहर के कुछ अन्य बड़े कारोबारी भी जुड़े हो सकते हैं। पुलिस की जांच अभी नामजद आरोपियों तक सीमित है। विशेषज्ञों का मानना है कि नरेश माहेश्वरी और अन्य संबंधित लोगों की कॉल डिटेल की निष्पक्ष जांच से नए तथ्य सामने आ सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने आरोपी गगनदीप सिंह माकन और शरनप्रदीप देसाई को आरोप पत्र दाखिल होने तक सशर्त अग्रिम जमानत दी थी, लेकिन मुख्य आरोपी श्रीकृष्ण सोनी की याचिका खारिज कर दी थी।

जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि श्रीकृष्ण सोनी ने अलग-अलग तिथियों में केनरा बैंक से 28 चेकों के माध्यम से करीब 37.25 लाख रुपये जारी किए थे, जिन पर न तो नाम था और न ही कोई तिथि थी। आरोपी गगनदीप सिंह और उनके परिवार द्वारा नरेश माहेश्वरी को करीब 66 लाख रुपये दिए जाने की बात सामने आई है

# गोमती मित्र मंडल की पहल

## 'चलो पार्क चलें' अभियान की शुरूआत, लोगों को स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ने का उद्देश्य

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सुलतानपुर, गोमती मित्र मंडल ने स्वच्छता जागरूकता के लिए 'चलो पार्क चलें' अभियान की शुरूआत की है। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने बताया कि हर महीने नगर क्षेत्र के एक पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शासन-प्रशासन को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराना और आम जनता को स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ना है। 4 मई को राहुल टॉकीज से ओम नगर मार्ग पर आवास विकास परिषद की कॉलोनी स्थित पार्क से अभियान शुरू किया गया। पार्क गंदगी से भरा हुआ था। गोमती मित्रों ने दो घंटे की मेहनत से लगभग पांच ट्राली कूड़ा साफ किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे हर सप्ताह एक दिन स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लें। इस दौरान कार्यक्रम में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। युवा मंडल के सदस्यों में अध्यक्ष अजय वर्मा, विनय सिंह, नितिन सिंह, सूरज सिंह और अन्य कार्यकताओं ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी की।

# धर्मेंद्र यादव बोले- जाति जनगणना पीडीए की जीत

## 2027 में सपा की सरकार बनेगी, अखिलेश बनेंगे सीएम

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, आजमगढ़ से सांसद और समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक धर्मेंद्र यादव ने रविवार को अमेठी का दौरा किया। वे सपा के युवा नेता जयसिंह प्रताप यादव के बड़े भाई नरसिंह यादव के विवाह समारोह में शामिल हुए।

मठझाम गिरि गांव में नवदंपति को आशीर्वाद देने के बाद धर्मेंद्र यादव ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन की बड़ी जीत है। समाजवादी पार्टी पिछले 30 सालों से इसकी मांग कर रही थी। सपा सांसद ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। समाज का हर वर्ग परेशान है। 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे और जनता के चेहरे पर मुस्कान लौटाएंगे। धर्मेंद्र यादव ने कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर पर काम करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, जिला अध्यक्ष रामउदित यादव, मनीराम वर्मा, मनु पाल, बलराम यादव और संदीप मौर्या समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटी के विवाद में दो भाइयों की हत्या

## शादी में शामिल होने आए थे मौसी के घर, लौटते समयत पीट-पीटकर मार डाला

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, शादी समारोह के दौरान नाबालिग समेत दो युवकों की हत्या कर दी गई। दोनों रिश्ते में मौसेरे भाई थे। विवाद तंदूर पर रोटी लेने को लेकर शुरू हुआ। दूल्हे के चचेरे भाई और उसके दोस्तों के साथ दोनों की गाली-गलौज हुई। इसके बाद डीजे पर गाना बजाने को लेकर भी विवाद हुआ। अंत में समारोह से लौटते समय आरोपियों ने दोनों भाइयों को बीच रास्ते घेरकर पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मारपीट के दौरान दो अन्य युवक भी घायल हुए हैं। घटना जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर गौरीगंज थाना क्षेत्र के सराय हृदयशाह गांव में शनिवार रात की है। पुलिस ने एक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 8 नामजद और 5 अज्ञात समेत 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एएसपी हरेंद्र कुमार ने बताया- नामजद में से 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक अभी पढ़ाई कर रहे थे। गौरीगंज थाना क्षेत्र के राजगढ़ अंतर्गत पूरे लोधन गांव निवासी शिव बहादुर ने बताया- वे दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते हैं। बेटा आशीष (17) और साढ़े शिवरतन का बेटा रवि उर्फ कल्लू (18) एक शादी में शामिल होने के लिए सराय मौसी के घर हृदयशाह के सरैया मजरे में गया था। तंदूर पर रोटी के लिए शुरू हुआ विवाद समारोह में रात 10.30 बजे खाना खाने के दौरान तंदूर पर रोटी लेने के लिए दोनों का गांव के ही रहने वाले दूल्हे के चचेरे भाई रोहित और उसके दोस्तों दीपक, संदीप, शिवा, मलिक और 5 अज्ञात लोगों से बकझक हो गई। इन लोगों ने दोनों को धमकाया भी। इसके बाद इन लोगों का डीजे पर पसंदीदा गाना बजाने को लेकर भी विवाद हुआ। बारात से निकलते ही पीछा किया खाना खाने के बाद आशीष, रवि उर्फ कल्लू अपने दोस्तों सूरज और सत्यम के साथ अलग-अलग बाइकों से घर लौटने लगे। इसी दौरान दीपक, संदीप, शिवा, मालिक, शानू, धुर्वे, रोहित और अन्य अज्ञात लोगों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपियों पाठक का पुरवा गांव के पास घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। सूरज और सत्यम तो जान बचाकर मौके से भाग निकले।

# मंदिर से चढ़ावे की रकम चोरी करने वाला इनामी गिरफ्तार

## प्रसाद ग्रहण के बहाने मंदिर में घुसा था आरोपी, चाकू और नकदी बरामद

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मथुरा, पुलिस ने एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वह मंदिर से चढ़ावे की रकम चोरी के मामले में फरार चल रहा था। एक बजे अभिषेक ने अपने साथियों के साथ थाना राया क्षेत्र स्थित कार्णि संत बालयोग बृजानंद बाबा की मढ़ी सौंख खेड़ा में प्रसाद ग्रहण के बहाने प्रवेश किया। वहां मौजूद चढ़ावे की रकम चुरा ली। इस मामले में थाना राया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी को गांव बहुआ के पास थाना की पुलिया के समीप से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू और 2,330 रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस पिछले कई महीनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि लगातार पुलिस के द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी अब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष कर जेल भेजा जा रहा है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## बाराबंकी से नाना के घर आया था युवक, जांच में जुटी पुलिस

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी, मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र में कुटमरा गांव के पास नैया पुल के निकट रविवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से गमछे से लटका मिला। मृतक की पहचान बाराबंकी के असंद्रा थाना क्षेत्र के सिद्धौर निवासी मोहम्मद रईस के रूप में हुई। 26 वर्षीय मोहम्मद रईस मोहम्मद जासिम के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, मृतक 8 दिन पहले अपनी पत्नी के साथ तिलोई कस्बे के पठान टोला में अपने नाना मोहम्मद अहमद के घर आए थे। मृतक की जेब से कोई मोबाइल फोन या पहचान पत्र नहीं मिला है। क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# ट्रेन में 50 लाख का माल पकड़ा

## जीएसटी चोरी कर लाया गया था माल, कपड़े-इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अलीगढ़, रेलवे जंक्शन पर शनिवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से आने वाली एक पैसेंजर ट्रेन में लाखों रुपये का माल टैक्स चोरी करके लाया जा रहा था। आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) और सेल्स टैक्स विभाग की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और करीब 50 लाख रुपये से ज्यादा कीमत का सामान जब्त कर लिया। पकड़े गए सामान में महंगे कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स और कई अन्य कीमती चीजें शामिल हैं। ये माल दिल्ली के बाजारों से बिना जीएसटी और सेल्स टैक्स चुकाए खरीदा गया था। इसे अलीगढ़ व आसपास के इलाकों में बेचने की योजना थी। माल की पैकिंग इतनी चालाकी से की गई थी कि आम यात्री को शक न हो, लेकिन यात्री की सूचना ने इसे पकड़वा दिया। भारी मात्रा में टैक्स-फ्री माल बरामद एक यात्री ट्रेन में सफर कर रहा था। यात्री ने मामले की जानकारी रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद आरपीएफ और सेल्स टैक्स विभाग की टीमें हरकत में आईं। अलीगढ़ जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर छापेमारी शुरू हो गई। ट्रेन में तलाशी के दौरान भारी मात्रा में टैक्स-फ्री माल बरामद हुआ।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी